बालकों की सामान्य समस्याएं

लेखक
जमनालाल बायती
एम ए, एम एड, साहित्यरत्न, ए एन आई ई
भूतपूर्व प्राध्यापक
गांधी शिक्षक महाविद्यालय,
गुलाबपुरा (भीलवाड़ा) राज०

प्रमुख लेखक
डा० चन्द्रशेखर भट्ट
एम ए, पी एच डी

राजस्थान प्रकाशन
त्रिपोलिया बाजार,
जयपुर-२

❀ प्रकाशक
राजस्थान प्रकाशन
त्रिपोलिया बाजार
जयपुर-२

❀ संस्करण
प्रथम संस्करण, सितम्बर १९७२

❀ मूल्य
पांच रुपया (5 00)

❀ मुद्रक
माडन प्रिण्टर्स,
जयपुर-३

ग्रामुख

श्री जमनालाल वायती द्वारा लिखित पुस्तक "बालकों की सामान्य समस्यायें' मैंने ग्राद्योपान्त पढी। विभिन्न पत्र पत्रिकाओं मे समय समय पर प्रकाशित शैक्षिक एव बालको की समस्याओं से सम्बन्धित छब्बीस निबन्धो का यह एक सुन्दर सकलन है जो माता-पिताओं, अभिभावको शिक्षको तथा बालको को समान रूप से लाभप्रद सिद्ध होगा। विभिन्न निबन्धो के उपयुक्त चयन व सकलन करने मे श्री वायती के प्रयत्न प्रशसनीय हैं। इस सकलन से शिक्षा जगत मे कार्य करने वाले बन्धुओ का मार्गदर्शन होगा यह निर्विवाद सत्य है।

मुझे आशा ही नही अपितु विश्वास है कि लेखक को अपने इस लेखन प्रयास मे प्रेरणा व प्रोत्साहन मिलेगा ताकि भविष्य मे अधिक लाभप्रद साहित्यिक व शैक्षिक सामग्री प्रस्तुत करने मे समर्थ हो।

बीकानेर (राजस्थान)
दिनाक 17 जून 1972

डा० चन्द्रशेखर भट्ट
सयुक्त निदेशक (शिक्षा)
राज्य शैक्षणिक एव व्यावसायिक निर्देशन केन्द्र,
राजस्थान, बीकानेर

भूमिका

प्रस्तुत पुस्तक में समय-समय पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओ मे प्रकाशित कुछ लेख सकलित किये गये हैं । इन निब धो मे प्राय ऐसी छोटी छोटी सामान्य समस्याओ का विस्तार से विवेचन किया है कि जिन्हें प्राय साधारण कह कह कर विचार से परे समझा जाता है तथा कोई भी उन पर विचार करना महत्वपूर्ण नही समझते हैं । पाठको ने इन समस्याओ का किसी न किसी रूप मे सामना किया होगा— किसी का मानसिक तनाव बढा हुआ है, तो कोई मित्रा म मुँह खालन से शर्मात हैं, तो काई साइकिल की चाबी कही रख कर भूल जाने के स्वभाव से ही दु खी है, तो कोई गुमसुम सा लगता है–जैसे आशा की कही कोई किरण ही नही है। इसी प्रकार विभिन्न समस्याओ पर विचार किया गया है । जिनके सामने भी ये समस्याय आई हागीं, उन्हाने निवारण क लिए अपने तरीके से हल खोज लिया हागा । जगह जगह पर बिखरे इन्ही सभी उपयोगी हला का क्रमबद्ध तरीके स एक स्थान पर प्रस्तुत करन का प्रयास किया है । इस भाति सम्भव है, कुछ पाठका का पुस्तक म कोई मौलिकता दृष्टिगाचर न हो ।

निबन्धा के क्षत्र का देखत हुए पुस्तक शिक्षका, अभिभावको, विद्यालय परामशका शिक्षाधिकारियो आदि क लिए महत्वपूर्ण सिद्ध हागी । इसम भी काई सन्देह नहा कि प्रस्तुत पुस्तक जनसाधारण क लिए भी सामान रूप स उपयागी हैं । इस भाँति यह आशा की जाती

है कि पुस्तक बालको का विभिन्न परिस्थितियों मे व्यवहार समझने के लिए-बालक के विकास मे मदद करेगी एव उनको उत्तरदायी बनाने मे साथक सिद्ध होगी।

मैं पूज्य डाक्टर श्री चन्द्र शेखर जी भट्ट, सयुक्त निदेशक, शिक्षा, के प्रति हृदय से आभारी हूँ कि जिन्होने अपने व्यस्त कायक्रम मे से कुछ समय निकालकर पुस्तक पढी तथा आमुख लिखने का कष्ट किया। डा० भट्ट को इस पुस्तक से जोड कर मैं प्रसन्नता अनुभव करता हूँ। मैं श्रद्धेय श्री हरिमोहनजी माथुर IAS भूतपूर्व निदेशक, प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, का भी आभारी हूँ कि उन्होने इन लेखो को पुस्तकाकार मे प्रकाशन हेतु प्रोत्साहन दिया। मैं सब श्री सम्पादक, धर्मयुग (साप्ताहिक) बम्बई, भारतीय शिक्षा, लखनऊ, केरला जनरल ऑफ एज्यूकेशन त्रिवेन्द्रम्, ग्रोइङ्ग माउण्ड, नई दिल्ली, बालसखा, इलाहाबाद, राजस्थान गाइडेंस न्यूज लेटर बीकानेर, शुचि, बीकानेर, किशोर शिक्षा, पटना, शिक्षा दर्शन, ग्वालियर, प्रौढ शिक्षा, नई दिल्ली, समाज शिक्षण, उदयपुर, शिक्षा प्रदीप, भोपाल, का भी आभारी हूँ, जिन्होने अपनी पत्रिकाओ मे प्रकाशित लेखों को प्रस्तुत पुस्तक मे सम्मिलित करने की स्वीकृति प्रदान की। मैं उन सभी लेखका को तथा मित्रा का भी धन्यवाद देता हूँ जिनकी पुस्तको को पढ कर तथा जिनके विचारों से मैंने अपने ज्ञान मे वृद्धि कर इस पुस्तक के लिखने म प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मदद एव प्रोत्साहन प्राप्त किया है।

यह आभार प्रदशन करते समय मैं श्री प्रतापसिहजी सुराणा (भूतपूर्व सम्पादक, जनशिक्षण उदयपुर) को भी नही भूल सकता।

श्री सुराणाजी ने 'मूल्याङ्कन विधियो पर' आयोजित जनशिक्षण के विशेषाङ्क म बी एड कक्षा के (1964-65) सत्रीय कार्य मे से बिना जानकारी दिये मर निबन्ध को स्थान दिया तथा इस भांति उन्होने मुझे अपनी स्थिति स अवगत कराया। इस प्रथम प्रकाशन से प्रोत्साहन पाकर विभिन्न पत्रिकाओ को लेख प्रकाशन हेतु विचारार्थ भेजे कुछ ने पत्रिकाओ म स्थान दिया, कुछ ने लौटाय भी तथा गति क्रमश चलती रही।

यह आभार प्रदशन की टिप्पणी अधूरी ही कही जायगी यदि मैं इसमे मेरी धमपत्नी श्रीमती वीणा वायती को धन्यवाद न दू। श्रीमती वायती ने मुझे सदव कठोर परिश्रम करने की प्रेरणा दी है। हमारे व्यस्त दाम्पत्य जीवन मे भी उसने ऐसी व्यवस्था बनाये रखी है कि मुझे बराबर पढने लिखन का समय मिल सके। मेरी शक्षिक उपलब्धिया क लिए श्रीमती वायती का बहुत बड़ा योगदान है, उसके त्याग को भुलाया नही जा सकता।

मुद्रण का यत्र तत्र कुछ अशुद्धिया रह गई है, अत शुद्धिपत्र जोड दिया गया है। अन्त म मैं पाठको का बड़ा आभारी होऊगा यदि व पुस्तक के सुधार क सम्बन्ध म अपने अमूल्य सुझावो से अवगत करा सक।

बीकानेर (राज०)   *जमनालाल वायती*

□□

विषय सूची

आमुख — पृष्ठ संख्या

परिशिष्ट

हीनता

••

हीनता का अर्थ है अपने को दूसरो से अयोग्य समझना, उनसे अपने को छोटा समझना या अपने को दूसरो की अपेक्षा तुच्छ समझना। कई व्यक्ति किशोरावस्था से मृत्यु तक हीन भावना या हीनत्व के शिकार बने रहते हैं साधारण स्थितिया मे भी डरपोक एव शर्मीले बने रहते है वे अपनी क्षमताओ योग्यताओ ज्ञान एव स्थान के बारे मे बहुत ही निम्न प्रकार के विचार रखते है, उनमे आत्म विश्वास की कमी होती है तथा वे भावुक होते हैं। घबराइये नही, यदि आप भी इसी प्रकार के व्यक्ति हैं तो आपकी श्रेणी मे और भी कई व्यक्ति है। देखना यह है कि ऐसा क्यो होता है ? मनो विज्ञानवेत्ताओ का कहना है कि इस हीनता की जड़ें बचपन के अनुभवो से जुडी होती हैं। किसी भी व्यक्ति के लिए इसका जानना उतना सरल नही है जितना समझा जाता है। यह एक आतरिक अनुभूति है जो गूगे के गुड के समान है तथा केवल खाने वाला ही उसके स्वाद का अनुभव कर सकता है। कभी कभी वाह्य व्यवहारो से इसकी अभिव्यक्ति जानी जा सकती है। निरीक्षण विधि इसके लिए बडी उपयोगी सिद्ध होती है।

हीनता की भावना का प्रमुख चिह्न यह है कि व्यक्ति एकात प्रिय हो जाता है तथा किसी भी काम को करने के लिए अपनी असमर्थता प्रकट करता है। उसे अपनी क्षमताओ योग्यताओ तथा सम्भावनाओ पर विश्वास नही होता है तथा वह जिम्मेदारी लेने से सदैव मुह छिपाता है।

हीनत्व के विकास म शारीरिक एव मनोवैज्ञानिक कारण भी पर्याप्त हिस्सा लेते हैं। जसे—

(अ) व्यक्ति म अन्न दोष होना—लगडा काना हिगना बाउनिया। इससे व्यक्ति स्वय को दूसरो क सामने छोटा छोटा अनुभव करता है।

(आ) परिवार म सदैव माता पिता की निरथक ताडना सुनना या माता पिता द्वारा निकम्मा बताया जाना।

(इ) खेल कूद या सामाजिक उत्सवो समारोहो म भाग न लेना।

एसे व्यक्ति मित्र नही बना पाते तथा प्राय दिवास्वप्न देखते हैं। अनिवायत हीन भावना बुरी ही हो एसी बात नही है। हीनत्व क अच्छे व बुरे दोनो प्रकार के परिणाम हो सकते हैं। हीनत्व की मात्रा कम होने पर तथा समय समय पर उचित मार्गदर्शन प्रोत्साहन एव प्रेरणा मिलने पर कई एस काम भी व्यक्ति कर सकता है कि उसको ख्याति फल जाय। पर जब हीनत्व की मात्रा बढ जाती है तो व्यक्ति के लिए वह अभिशाप बन जाती है वह अन्तमु खी हो जाता है तथा जीवन म कुछ भी कर सकने का साहस ही नही करता।

ध्यान म रखने की महत्वपूर्ण बात यह है कि इस भावना में परिवर्तन लाया जा सकता है। अपनी कमजोरी के कारण ढूढने के बजाय यह अधिक अच्छा है कि काम सही एव उचित ढग से करना सीखे। यदि आप ढग स काम करते तो कोई कारण नही कि काम सही न हो। हीनत्व को सदव अनुभव करना या याद करना आवश्यक नही है। अन्य व्यक्तियो क साथ आपको अपने सम्बन्धो म अविश्वास नही होना चाहिए।

प्रथम आवश्यक बात यह है कि अपने कुछ सिद्धान्त बनाइये प्रकृति ने जो देन स्वास्थ्य व दिमाग सम्बन्धी आपको दी है, उस पर विचार कीजिये। उसके बारे मे भी विचार कीजिये जो आपसे कम प्रतिभावान् हैं। अपने वैयक्तिक गुणो के बारे म सोचिये।

आपके समान कोई भी अन्य व्यक्ति ससार मे नही है। जो कुछ आप दे सकते हैं, आपमे जो प्रतिभायें एव लक्षण हैं सबके सब समान मात्रा मे दूसरो मे नही है। आप जो दे सकते हैं तथा जिनकी अन्य व्यक्तियो को आवश्यकता भी है इसीलिये आपका महत्वपूर्ण स्थान है।

सवप्रथम आप अपने स्थान के बारे म निश्चित हो जाइये। इस दृढ विचार के साथ सदव अपना काय आरम्भ कीजिये कि 'मेरा अपना स्थान है मैं अन्य व्यक्ति की सहायता कर सकता हूँ।' रात्रि को सोने से पहले भी इन शब्दो को याद कीजिये। ये आपके बारे म सत्यताये हैं। स्थान का ज्ञान प्रकृतिदत्त गुण आदि का कसे विकास हो तथा कसे इनका प्रयोग किया जाय ? दनिक जीवन मे सदव ये आपके सम्मुख रहते हैं, आपको कुछ न कुछ योगदान करना है, आपको अन्य व्यक्तियो की जरूरत की पूर्ति करना है।

घूमने फिरने सोचने बातचीत करने का अपना क्षेत्र है इसमे आपका परिवार हो सकता है और आपके मित्र भी। आपको अपने कुटुम्ब के लिये विचार करना है। यदि आप परिवार के लिए कोई योगदान नही करते तो निश्चित है कि परिवार अधूरा है। परिवार के उत्तरदायी सदस्य के रूप मे अपना स्थान स्वीकार कीजिये। जब किसी विषय पर वाद विवाद हो रहा हो तो ऐसा कभी न कहिए कि मुझे कुछ नही कहना है। बातचीत करने का साहस कीजिये, कोई नई बात बताइये, परिवार के भले के लिए कुछ योगदान कीजिये।

ऐसी ही बात मित्रो के सम्बन्ध मे भी है। जब तक आप स्वय अपने स्थान के बारे मे निश्चित नही होगे, आपके मित्र आपकी स्थिति, मान, स्थान स्वीकार नही करेगे। अब तक आप प्राय उन पर निभर रहते आये है। अब तय कीजिये कि आप आत्मनिभर भी बन सकते हैं।

इसके पश्चात् आपको अपना क्षेत्र बनाना चाहिए। अधिक लोगो से सम्बन्ध जोड़िये सघ व परिषदो के सदस्य बनिये। ध्यान रखिये सघ व परिषद ऐसे हो जो मानवता के हित उपयोगी काय करते हो। मन्दिर म जाइये पर केवल उपस्थिति देने मात्र के लिए नही। वास्तविकता यह है कि प्रकृति प्रभु आपमे निवास करता है, इसके लिये उत्तरदायित्व स्वीकार कीजिये। समाज सेवा करने वाले किसी सघ परिषद या मण्डल से मित्रता कीजिये। उसके कार्यक्रम मे सक्रिय भाग लीजिये दूर या अलग थलग रहने की प्रवृत्ति छोडिये। आप अनुभव करेगे कि आप किसी अधिक अच्छे काम मे व्यस्त हो गये हैं। ऐसा करने से आपके मन मे विश्वास की वृद्धि होगी। अब आप अपने ज्ञान एव चातुर्य का विकास कीजिये और कोई अच्छा काय करने के लिए दृढ निश्चय कर लीजिए।

आप किन बातो या कार्यों म अधिक रुचि रखते है? यदि अब तक आप सभी काम अनिच्छा से करते थे किसी काम म रुचि नही है तो किसी एक काम मे रुचि बढाइये उसके विशेषज्ञ बनिये दक्ष बनिये उसके बारे मे जितनी अधिक जानकारी प्राप्त कर सक कीजिये आप उसके पारखी बन जाइये। ऐसा कौन होगा? आपके मन म यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है। इस सम्बन्ध म आप अधिक से अधिक पुस्तक पढिये, पर अच्छा तरीका यह है कि इस सम्बन्ध मे जानकार लोगो से सम्पर्क बढाइये ऐसा करने से आपके ज्ञान मे वद्धि होगी आप अधिक व्यवहार कुशल बनगे आप काय मे लग लोगो से प्रश्नोत्तर प्राप्त करके अपनी जिज्ञासा शान्त करगे। जिन लोगो के सम्पर्क म आप आ रहे हैं वे भी आपही के समान रुचि रखते है। उनकी सगत म आप अनुभव करेगे कि आपका जीवन समृद्ध हो रहा है।

एक कदम और आगे बढिये। जब आप मित्रता बढाते है तो मित्रो को पहचानिये कभी कभी पहल भी कीजिये। कभी कभी

मित्रा को चाय पर भी निमन्त्रित कीजिए। यदि आप अच्छे खिलाडी हैं तो आप अपने मित्रो से अपने साथ खेलने के लिए आग्रह कीजिये।

जो कुछ विचार या अनुभूति आपके पास दूसरो को देने के लिए है उसे उदारतापूर्वक दीजिये। प्रत्येक ऐसे अवसर का लाभ उठाइये जब आप लोगो के बीच आ सके, मित्र आपको जान सकें। ऐसा करते समय हमेशा यह याद रखिये कि मेरा अपना स्थान है, मैं अन्य व्यक्ति को मदद कर सकता हूँ।

इन सब तरीका से आप जीवन के प्रति उपयोगी दृष्टिकोण बना सकेंगे। देखिये सुझाव म कितनी शक्ति है। शायद यह सुझाव ही का दुष्प्रभाव है कि आप हीन भावना अनुभव करने लगे। किसी समय आपको किसी ने कहा होगा या ऐसा आभास दिया होगा कि आपकी कोई गिनती ही नही है, आप महत्वहीन व्यक्ति हैं, यही विचार आपके मन की अर्द्ध-चेतनावस्था मे घुस गया है और इसी वजह से आपने जीवन के प्रति प्रतिकूल दृष्टिकोण बना लिया है। इसका केवल एक ही उपचार है कि आप जीवन के प्रति उपयोगी वांछित दृष्टिकोण विकसित करें तथा इसी को पुन मन के अर्द्ध-चेतनावस्था मे जमा लें।

प्रत्येक विचार जो मानव मस्तिष्क मे आता है, मानव जीवन पर प्रभाव भी डालता है। इस वास्ते सदैव हमे अपने आस पास उपयोगी व वांछित विचारो को ही भटकने देना चाहिए।

अब आपको क्या करना है? अब आवश्यकता इस बात की है कि आप अपना जीवन दशन निश्चित करें। हर व्यक्ति का अपना अपना जीवन दशन हाता है। कुछ अ शो मे प्रकृतिदत्त गुणो से भी आप दशन बना सकते हैं। हर समय आपके दिमाग मे प्रतिकूल विचार आ सकते हैं। तत्काल उनकी जगह उपयोगी विचारो की प्रतिस्थापना कीजिये। जब कभी आप यह सोचें कि 'यह काय मैं नही कर सकता। तभी तत्काल इन शब्दो को दोहराइये कि जब मैं

वह काय कर सकता हूँ तो मैं यह काय भी कर सकता हूँ ।' सफलता आपके चरण चूमेगी ।

यह एक सामा य समझदारी की बात है कि यदि किसी व्यक्ति म अगदोष है तो उस चिढ़ाना नही चाहिए । उसे स्नेह दीजिये तथा समझाइये कि दोष के लिए उसकी कोई जिम्मदारी नही है यह उसकी शक्ति के बाहर की बात है, इसलिये व्यक्ति को दु खी नही होना चाहिए । उस इस बात स स तोष दिया जा सकता है कि अमुक अमुक व्यक्ति शारीरिक या अगदोष होते हुए भी महान हुए हैं ।

परिवार मे माता पिता को चाहिए कि व कोई एसा व्यवहार न कर जिससे बच्चे यह अनुभव करें कि वे निकम्मे हैं या तुच्छ हैं । उसके लिए अभिभावकों को बडा सजग रहना चाहिए । बच्चा को सदव ऐसी स्थिति म रहना चाहिए कि जहा वे सफलता का अनुभव कर सकें । बच्चो के अच्छे काम की प्रशसा भी करनी चाहिए, एसा करके भी हीनत्व की मात्रा मे कमी लाई जा सकती है ।

अभिभावको के समान ही ऐसे बच्चो के साथ व्यवहार करन म अध्यापको का भी महत्वपूर्ण स्थान है । बालकों को शिक्षण के समय कक्षा मे शिक्षको का स्नेह मिलना चाहिए । किन्तु ध्यान रखिये ऐसा करने स अ य बच्चो के मन मे ईर्ष्या पदा न हो जाय । कक्षा म उसे ऐसे काय करने को कहा जाना चाहिए जिनमे उस रुचि हो तथा सफलता से कर भी सक । धीरे धीरे शिक्षक को हीन भावना वाले बालको मे महत्वाकाक्षा का विकास करना चाहिए । सम्मेलन या सभा या उत्सव मे उनके काय की प्रशसा भी उपयोगी सिद्ध होती है । बच्चा स्वय अपना स्थान, महत्व योग्यता एव क्षमता समझने लगता है विश्वास करने लगता है तथा सबका स्नेह भाजन बनने के लिये अच्छा बनने की कोशिश करता है । धीरे धीरे उसम आत्म विश्वास की मात्रा बढेगी तथा एक समय आयगा कि यह हीन

भावना या हीनत्व से मुक्ति पा लेगा। व्यक्तित्व के निर्माण मे शिक्षक का अद्वितीय स्थान है।

अब देखिये आपको इन बातो के लिए दृढ रहना है।

जब आपने तय कर लिया है कि किसी एक काम म रुचि बढानी है तो फिर उसके बारे मे जितना अधिक जान सकें, जानने का प्रयत्न कीजिये। ऐसा करने से आप दूसरो से अधिक जानकर प्रतीत होंगे। इसी को श्रीगणेश मानिये। आप कुछ बातो मे बहुत अच्छे जानकार हैं उनमे आप योगदान कर सकते है। इस समय आपकी आवश्यकता है।

हमेशा इन शब्दो को याद रखिये तथा इन्ही शब्दो के साथ प्रतिदिन का काय शुरू कीजिये—'मेरा अपना स्थान है, मै अन्य व्यक्ति की सहायता कर सकता हूँ।' सोने से पहले भी इन शब्दो को दोहराइये। कुछ ही समय मे आप देखेंगे कि आप मे आत्म विश्वास जग गया है।

भगवान पर विश्वास कीजिये—आगे बढिये—पाव पीछे न रखिये। यदि भगवान ने आपको महत्वपूर्ण बनाया है और भगवान् सर्वशक्तिशाली है तो उसकी राय मे मतभेद पैदा करने वाले आप कौन होते हैं? वास्तविकता यह है कि आप ससार मे है और ससार का प्रत्येक व्यक्ति आपसे भिन्न है—यही क्या आपके लिए कम महत्वपूर्ण है? इस विचार को आप अपने मन की अर्द्ध चेतनावस्था मे जमा लीजिये। यही आपके हीनत्व एव आत्म विश्वास की कमी के निवारण का उपचार है।

इन्ही तरीकों से आप आत्म विश्वास प्राप्त करेंगे तथा कुछ ही समय मे आप देखेंगे कि आपका जीवन समृद्ध एव खुशहाल बन गया है।

•••

शर्मीलापन

आपने कई वार देखा होगा कि कई बच्चे अपनी माँ की गोद में छिपे रहते हैं सहपाठियों द्वारा बुलाये जाने पर रसोईघर में भाग जाते हैं किसी से बोलने में हिचकिचाते हैं स्कूल जाने पर कक्षा के कमरे में गुमसुम बैठे रहते हैं खेल के मैदान में मित्रों से बात करने में डरते हैं, प्रार्थना सभा से चुपचाप भाग निकलते हैं ऐसे बच्चों को शर्मीले बच्चों की संज्ञा दी जाती है।

केवल बच्चे ही नहीं कई वार वयस्क भी शर्मीले पाये जाते हैं तथा उन्हें इस बात की जानकारी भी नहीं होती है अधिकांश व्यक्ति अनजाने में शर्मा जाते हैं। किसी शत प्रतिशत बाह्यमुखी व्यक्ति का पाया जाना नितांत कठिन है जिसे अपने मित्रों से मिलने में कभी कोई कठिनाई न हो।

कोई भी शर्मीला व्यक्ति बड़ी कठिनाई से यह विश्वास करता है कि सामने वाला व्यक्ति भी शर्मीला ही है। कुछ व्यक्तियों की आदत ही सामने वाले व्यक्ति को भिन्न रूप में देखने की हो जाती है। वह मानता है कि अन्य व्यक्ति बिना किसी प्रकार की असुविधा के मित्रों के साथ व्यवहार कर सकते हैं। शर्मीले व्यक्ति अन्य मित्रों को समाज के उपयोगी सदस्य के रूप में देखते हैं तथा स्वयं को उस मछली की तरह जो पानी से बाहर पड़ी हो।

इस प्रकार के तीव्र शर्मीलेपन पर काबू पाने के पूर्व इसे समझना आवश्यक है। इसके लिए आवश्यक है कि व्यक्ति के पिछले जीवन वृत्त का विश्लेषण किया जाय। इस विश्लेषण से पता लगेगा कि व्यक्ति में कहाँ, कैसे शर्मीलेपन का जन्म हुआ?

इसके लिए कई व्यक्ति अपने माता पिता को दोषी ठहराते हैं। यह सही है कि सभी माता पिता समान नही होते, बुद्धिमान व मूर्ख, दयालु व कठोर सभी तरह के माता पिता मिलते हैं। कुछ माता पिता बच्चो की बहुत परवाह करते है कुछ बच्चो के प्रति बडे लापरवाह दीख पडते हैं कुछ बच्चा को पूर्ण स्वतन्त्रता दे देते ह। ता कुछ बच्चो को पूर्ण एव कठोर नियन्त्रण मे रखते ह। ये सब बातें शर्मीलेपन के विकास मे मदद करती हैं। बच्चा मे शर्मीलेपन के विकसित होने के और भी कई कारण हो सकते ह। जैसे बच्चो का माता पिता द्वारा अनचाहे बच्चा की तरह पालन पोषण करना, बच्चो का अत्यधिक लाड-प्यार म पालन पोषण करना, कही आने जाने न देना मा बाप धनी हुए तथा बच्चे को कही आना जाना पडा तो नौकर साथ कर दना, निधन माता पिता द्वारा बच्चो की जरूरतें पूरी न कर पाना, फलत अपने बच्चे को असुरक्षित समझना, माता पिता द्वारा अपन मित्रा के सामन बच्चो का झिडकना, माता पिता द्वारा घर पर तथा शिक्षका द्वारा शाला मे बच्चो को करने के लिए कोई महत्वपूर्ण काम न सौपना बच्चो मे कोई अङ्ग दोष होना बातचीत करते समय घबराना तथा उत्सव एव समारोहा मे मित्र मण्डली मे सम्मिलित न होना, आदि आदि।

पर इस वक्त क्या होने वाला है? यह शर्मीले व्यक्तियो पर निभर करता है न कि शर्मीले व्यक्तियो के माता पिता पर। शर्मीलापन वास्तव मे एक ध्व सक घटक है। इसके बीज प्राय उस समय पनपन लगते ह जबकि व्यक्ति स्व' के प्रति अधिक जागरूक होने लगता है। हम प्राय अन्य व्यक्तियो को अपने मे रुचि लेत देखकर म ताप कर लेते है प्रत्यक व्यक्ति बचपन मे माता पिता के साथ रहे ह माता पिता प्राय अपने सम्बन्धियो एव मित्रो से मिलते जुलते रहते थे। पर क्या आप अब भी यह कल्पना करते हैं कि जिन व्यक्तिया से आप मिलते जुलत है वे सब आपके कार्यों मे तथा आपमे रुचि रखते ह। आज हर व्यक्ति अपन कामा में बहुत व्यस्त है

उसक पास अपन साथियो को [illegible] क लिए उनस बात करन क
लिए समय नहा है।

शर्मीलेपन क विकसित हान का एक कारण यह भी हो सकता
है कि व्यक्ति यह विश्वास करन कि उसक साथियो का उसकी
आवश्यकता ही नहीं है। ऐसा तब भी हो सकता है जबकि माता
पिता का व्यवहार बहुत कठोर हो। हर माता पिता अपन बच्चा
को योग्य बनाना चाहत ह और जब बच्च उनकी आशाआ को पूरा
नहीं कर सकते या आशाआ क अनुसार नहीं बन सकत तो व अपना
असतोष छिपा नहीं पात ह तथा बच्चा की कमिया को स्वीकार
नहीं करते ह।

इस व्यक्ति को किसी की आवश्यकता नहीं है या इस
व्यक्ति के साथ किसी प्रकार का सम्बन्ध न रखिय ऐसा भी सत्य नहीं
कहा जा सकता। ज्या ज्या बच्चा बडा होता चलता है वह अपना
क्षेत्र बनाता चलता है। व्यक्ति जब साथिया स विमुख हो जाता है
या पिछड जाता है तो समझिये कि उसन अवसरा का लाभ नहीं
उठाया। वास्तव मे व्यक्ति चाहता यह है कि मित्र लाग उस प्रकाश
म लाए" वे कह कि बाहर आइये हमारे साथ रहिये आपसे मिल
कर हम प्रसन्नता होती है हम चाहत है कि अपनी मित्रता बनी
रहे।' कुछ व्यक्ति अपन साथिया स इस भय स मिलना छोड दते
ह कि साथी लोगो की उन पर जान क्या प्रतिक्रिया हो?

हम अपने आप म केन्द्रित रह कर मित्रो की संख्या नहीं बढा
सकते है। शर्मीले व्यक्तियो को अपना साहस बटोरना चाहिए तथा
मित्रो स मिलने के लिए निकल पडना चाहिए। लगातार भेट बहुत
उपयोगी सिद्ध होती है। मित्रो स मिलने पर सामान्य हितो की बात
कीजिए। इससे आप मित्रो के और अधिक निकट आयेग तथा
ऐसा करने स आप एक दूसरे को अधिक वास्तविकता स पहचान
सकेगे।

यदि आप मित्रो से मिलते है तो आश्वस्त रहिए, सहज बनिये। मित्रो को आपसे बहुत अधिक आशा हो, ऐसी बात भी नही है। व्यक्ति को यह भी याद रखना चाहिए कि कोई घंटा आपकी बात सुनते रहने का अभ्यासी नही है, आप जिन व्यक्तियो से मिलते है वे भी अपने ही समान मित्र होने चाहिए जो आपको स्वीकार कर सकें। बातचीत करते समय बहुत अधिक उत्सुकता नही दिखानी चाहिए और न ही बहुत अधिक गोपनीयता। यह सम्भव है कि मित्रो से बात करने मे आप कोई कठिनाई महसूस करें आप वातालाप जारी न रख सके। यदि ऐसा है तो आप समझिये कि आप कृत्रिमता बता रहे हैं यह उचित नही है।

जब मित्रो से बातचीत करते है वार्तालाप चल रहा होता है तो इस प्रकार के दृष्टिकोण की आवश्यकता नही है। कई व्यक्ति आपकी सहायता के लिए तैयार है। यहा तक कि यदि हम शात रह कर किसी एक व्यक्ति की ही बात सुनना चाहे तो भी ऐसा नही कर सकते क्योकि उसी वक्त कई अन्य व्यक्ति भी बोलने का आग्रह करते है।

इससे डरिये नही कि वार्तालाप करने का गुण न होने पर आप समाज मे पिछड जायेगे। निश्चय मानिए कि यह स्थिति अधिक समय तक नही रह सकती। जिस बात को कहने सुनन की आवश्यकता है, उस पर यदा कदा टिप्पणी कीजिए तथा जभी भी आप अपनी राय बना सके, 'हाँ' या 'नही' कहते रहिये। प्रयत्न कीजिए कि आप मित्रो के साथ काय कर सकें। आप अपने आपसे बहुत अधिक भी न उलझिये। सम्भव है, अन्य व्यक्ति भी आपसे बात करने के लिए उत्सुक हो। यदि ऐसा है तो उन्हे ऐसा करने का अवसर दीजिये।

जब आप यह अनुभव करें कि समाज के बीच मित्रो मे उठने बैठने के लिए कठोर परिश्रम की जरूरत नही है। तब समझिये

किला फतह हो गया है। असुविधा अनुभव करने पर शर्मीले व्यक्ति सदव ही यह नही सोचते ह कि वे साथियो के हाथो म कठपुतली मात्र हैं। मिलने वाले अधिकाश व्यक्ति मित्र बनाने के लिए तैयार रहते ह, इसलिए चिन्ता छोडिए तथा उनके साथ हिल कर मिलने की आदत डालिये।

सुसज्जित बच्चा एव व्यक्ति परिवार एव राष्ट्र की बहुत बडी सम्पत्ति है। बच्चो के प्रकृतिदत्त गुणो का पूर्ण विकास होना ही चाहिए। शर्मीले बच्चो को देखकर शिक्षको एव माता पिता को निराश होने की आवश्यकता नही है, पर आवश्यकता है सुधार के लिए काय करने की। बच्चो मे विकसित होने वाले शर्मीलेपन को इन तरीको से रोका जा सकता है।

शर्मीले बच्चो को पारिवारिक कार्यों म भाग लेने का मौका दीजिए। उनसे साधारण वस्तुए बाजार से मगवाई जा सकती हैं उदाहरण के लिए सब्जी आदि। घर पर उन्हे रुपय पसे का हिसाब रखने को कहा जा सकता है, इससे वे अपने को उत्तरदायी अनुभव करगे।

जब भी कोई सामाजिक उत्सव हो बच्चो की राय जानिये उनसे काम करवाइए, उनको जागरूक बनाइये। उन्हे मित्रो व रिश्तेदारो के बीच बोलने का अवसर दीजिए अधिकाधिक सम्पर्क बनाने का मौका दीजिए, उन्हे बातचीत मे शामिल कीजिए इससे उनकी झिझक मिटेगी। किसी विषय पर बच्चे को ज्ञान है तो उस पर उससे बातचीत कीजिए।

शर्मीलेपन के निवारणार्थ विद्यालय का योगदान भी बडा महत्वपूर्ण हो सकता है। शर्मीले बच्चो के भी अपने मित्र तो होते ही है उन्हे अपने मित्रो के साथ खेलने का अवसर दीजिए। कबड्डी खो-खो फुटबाल आदि खेलो म खूब कूदने फादने तथा दूसरो से मिलने जुलने के अवसर मिलते ह। उन्हे उत्सव के समय मच पर

आने की प्रोत्साहन दीजिए। २६ जनवरी के वाल मेले पर उन्हें विभिन्न प्रकार का काम सौंपा जा सकता है। १५ अगस्त के अवसर उनमें काम बँटवा कर उन्हें सजग बनाया जा सकता है। इसी प्रकार बच्चों को अन्य पर्वों एवं जयन्तियों पर भी कुछ न कुछ काम दिया जा सकता है। बच्चों को समूह में काम करने का अवसर दीजिए।

धैर्य धारिये आराम कीजिए। कोई तस्वीर अपने मस्तिष्क में बनाइए अपने जीवन का कुछ रमणीय घटनाओं को याद कीजिए। इन घटनाओं का याद करना इसलिए भी आवश्यक है कि इन्हीं में से कुछ घटनाओं ने आपको शर्मीला बनाया है। अपनी पिछली सब असफलताओं को भूल जाइए। जब आप इन सब बातों को अपने दिमाग में दूर कर देंगे तो आप अपने को मनोवैज्ञानिक दृष्टि से दोषमुक्त अनुभव करेंगे। 'आप समर्थ हैं आप सब तरह से योग्य हैं। इस प्रकार की नई विचारधारा, नया दृष्टिकोण-अपने आप में पैदा कीजिए। एक समय आयेगा तब आप पायेंगे कि ये बातें तथ्यतः सही हैं। अपनी पहुँच योग्यता एवं गुणों का सही सही मूल्याङ्कन कीजिए। जहाँ भी आप दूसरों की राय से सहमत हैं या असहमत हैं इसे प्रकट कीजिए। सबके साथ भद्रता पूर्ण एवं शालीनता से व्यवहार कीजिए। मित्रों को प्रभावित कीजिए तथा उनकी आवश्यकता एवं रुचि का भी ध्यान रखिए। अपने आपको भूल जाइये तथा अपने आप पर केन्द्रित होने के बजाय मित्रों के लिए रुचिप्रद एवं विनोदपूर्ण वातावरण प्रस्तुत कीजिए। यही ठोस एवं प्रभावी उपाय है। इन्हीं बातों पर व्यवहार कर क्रमशः आप देखेंगे कि आप में आत्मविश्वास जग रहा है तथा आपसे शर्मीलापन एवं कायरता कोसों दूर भाग गई है।

मानव जीवन को विनाश की ओर ले जाने वाले खतरनाक तत्वों में से ईर्ष्या एक है इससे व्यक्ति अधी बन जाता है तथा इससे उसकी बड़ी हानि होती है। ईर्ष्या की जड़ें जितनी गहरी जमी हुई होगी, उतना ही उसका निवारण कठिन होगा क्योंकि ईर्ष्या को आसानी से समझा नहीं जा सकता है।

प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक मेक्डूगल के अनुसार "ईर्ष्या अपना पूरा चमत्कार वहां बताती है जहां स्नेह हो जहां उत्तेजनकारी स्थितियां हों, जिससे मनोभावनाएं भड़क सकें। ऐसा केवल एक व्यक्ति, उसकी स्थिति व उसके कार्यों से ही नहीं हो सकता बल्कि इन सबका एक साथ घटने से ऐसा होना सम्भव है।

एक तरह से ईर्ष्या गर्व का ही दूसरा रूप है। कई बार हम देखते हैं कि व्यक्ति धनी चतुर तथा सुन्दर होने पर गर्व करते हैं पर वास्तव में वे न तो धनी ही हैं न चतुर और न सुन्दर ही। वे अपने को अन्य व्यक्तियों से धनी, चतुर व सुन्दर मानकर कार्य करते हैं तुलना करके वे लोग गर्व अनुभव करते हैं। इस प्रकार के व्यक्तियों की जब दूसरे लोगों से भेंट होती है जो उनमें अधिक धनी चतुर व सुन्दर होते हैं तो वे ईर्ष्या करने लगते हैं। तभी व्यक्ति क्रोधी तथा दूसरों का विरोधी भी बनता है।

ईर्ष्या का विश्लेषण करना आसान कार्य नहीं है। जब तक (कोई यह न समझ ले कि ईर्ष्या क्यों की जा रही है ईर्ष्या का सही रूप में नहीं समझा जा सकता।

कभी कभी ईर्ष्या एकान्त अनुभव के रूप में देखी जा सकती है पर मूलत यह मानव चरित्र में ही पाई जाती है। किन्हीं विशेष

स्थितियो मे कोई व्यक्ति ईर्ष्यालु बन सकता है, क्योकि ईर्ष्या उसका लक्षण बन गया है। विशेष प्रकार की स्थितियो मे किसी लडकी विशेष से शादी न कर पाने मे या पदोन्नति प्राप्त न कर पाने से, किसी भी व्यक्ति की पूरी धारणा ही जीवन के प्रति, अपने साथियो के प्रति व अपने प्रति बदल जाती ह।

हम मे से अधिकाश व्यक्ति इन बातो के शिकार रहे हैं। व्यक्ति बडी वेदना व पीडा अनुभव करते हैं जबकि उनके साथ अ याय किया जाता ह। ये स्थितिया पीडादायक हो सकती हैं। जहा ईर्ष्या है, वहा कभी भी अ तरात्मा की शुद्धता नही हो सकती। ईर्ष्या मे हम किस प्रकार बचें, इसके लिए माग ढूँढना चाहिए।

ईर्ष्या का दृढता से सामना कीजिये—

यह आसान नही ह कि व्यक्ति अपने भावो पर अधिकार पा सके। कई समझदार व्यक्ति अपने उन क्षणो को याद करके लज्जा अनुभव करते हैं जबकि उनके भावो ने उन पर काबू पा लिया है। ईर्ष्या का परीक्षण करना आसान कार्य नही है पर यदि वास्तव मे हम परीक्षण कर सकें तो साहस से इसका मुकाबला किया जा सकता है।

कुछ सयोग सृजनात्मक शक्ति का नाश करने वाले भी होते हैं जो पूणत नकारात्मक व्यथ, अनुत्पादक एव हानिप्रद होते हैं। वे लशमात्र भी ऐसा काम नही कर सकते जिस पर हम गव कर सकें। वे सभी तरह से ध्वसकारी होते हैं। वे सावेगिक रूप से हमे असतुष्ट बना देते हैं। यह मौलिक आन द मे विघ्न डालने वाले कारणो म से एक कारण है। ईर्ष्यालु व्यक्ति न कवल दूसरो से ही लडाई झगडा करता ह वरन् वह स्वय से भी लडता है। इस भाति व्यक्तिगत असतुष्टि के कारण ईर्ष्या का ज म होता है। इन असतुष्टि के कारणो से व्यक्ति सुधार की ओर भी मुड सकता है लेकिन उस असतुष्टि मे, जो ईर्ष्या

से भरी हुई ह, सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। कुछ भी हो, ईर्ष्या से मानव के सामान्य आनन्ददायी सम्बन्ध अधिक समय तक बने नहीं रह सकते ह।

मधुर सम्बन्ध बनाने के आधार ह— अन्य व्यक्तियों के प्रति आदर भाव उनके अधिकारों के प्रति सम्मान माता पिता की बच्चों को स्वतन्त्रता से बढ़ने देने की इच्छा, पति पत्नी का पृथक पृथक व्यक्तित्व समझना यद्यपि वे विवाह सूत्र से दूध म पानी की तरह मिल गये ह। य कुछ ऐसी विचारधारायें ह वृत्तियाँ हैं जिनमें ईर्ष्या को स्थान नहीं मिल सकता।

ईर्ष्यालु व्यक्ति के साथ सदैव यह रोग रहता ह कि वह अपने ही अन्दर निगाह डाले रहता ह। अन्य व्यक्तियों तथा उनकी सफलताओं पर ऊटपटांग निगाह रखता ह। यदि अन्य व्यक्ति किसी भी रूप मे उससे श्रेष्ठ है तो वह उनकी श्रेष्ठता सदव किसी अवाछनीय तत्व से या पक्षपात से या इसी प्रकार की अन्य किसी बात से जोड़ता ह।

ईर्ष्यालु व्यक्ति जहा सम्मान देना चाहिए नहीं दे सकता। इसी भांति वह अन्य व्यक्तियों की सेवाओं की या सफलताओं की सराहना नहीं कर सकता। यदि किसी व्यक्ति का ईर्ष्या से मुह नीचा है तो उसे व्यक्ति की, उसकी सफलताओं को समझना चाहिए। हमें व्यक्ति के कार्य की सफलता की सराहना करने की कला सीखनी चाहिए हमे गुण देखते ही पहचानना चाहिए। उदाहरणार्थ, एक सच्चा चित्रकार अन्य चित्रकार के चित्रों पर कभी ईर्ष्या नहीं करेगा क्योंकि वह अन्य काम करने की अपेक्षा सुन्दर चित्र बना सका है। चित्रकार के रूप में उत्तम गुणों की उस सराहना करनी चाहिए तथा साथी की सफलताओं पर उस सम्मान प्रदर्शित करना चाहिए।

मित्र से अच्छा बनने का प्रयत्न करना चाहिए लेकिन कोई आवश्यक नहीं है कि इससे उसमें ईर्ष्या पैदा ही हो। कोई भी तो

अपने काय के प्रति श्रद्धा रखता ह काय की पूजा करता है, चाहे यह कला हो या सगीत या साहित्य, उसे न केवल काय को श्रद्धा से देखना ह बल्कि उसमे चतुराई भो प्राप्त करनो है। यदि ऐसा ह तो वह केवल अपने मे (न कि कला में या न कि सगोत मे) रुचि रखता है।

किसी भी काम या आदश के प्रति दद भरी श्रद्धा पैदा करने के लिए, अच्छा काय करने के वास्ते, जब भी वह उत्तम गुण देखता ह उनकी सराहना करता ह। वह दूसरा की आलोचना नही करता ह वरन् उनसे सीखने को उद्यत रहता ह। अपने जीवन मे से ईर्ष्या का मूलोच्छेदन करने के लिए ये अच्छे तरीक ह।

साथियो की एव उनके गुणो की प्रशसा कीजिये—

दूसरा से सीखने की इच्छा के साथ ही साथ सहकारिता भी सीखी जा सकती ह। व्यापार व्यवसाय क क्षेत्र मे जो कुछ प्रतियोगिता के लिए कहा जा सकता ह उसमे अधिक सहकारिता के लिए भी कहा जा सकता है। सहकारिता अधिक लाभदायक तरीका ह।

प्रतियोगिता आखिरकार प्रतियोगी की समाप्ति पर निभर ह। इसके विपरीत सहकारिता चारा ओर मे प्राप्त सभी साधनो एव भेंटो पर निभर ह और उन सबका अधिक से अधिक व्यक्तियो क भले के लिए प्रयोग करने पर निभर है। यदि खेल की एक टीम मे एक व्यक्ति भी ईर्ष्यालु ह तो खेल सहयोगी भावना से मधुरता के साथ नही खेला जा सकता।

हमे यह सीखना चाहिए कि विश्व क भले के लिए मानव कल्याण क लिए, पुरुषो व महिलाओ को समुदाय के प्रति दयालु होना चाहिए, उनके साधना का ध्यान रखना चाहिए, अपने पद का ध्यान रखना चाहिए दूसरो के सहयोग का मूल्य आकने को तत्पर रहना चाहिए। इससे ईर्ष्या का जन्म असम्भव हो जाता है। **इससे**

सामा य उद्दश्य का ज्ञान हाता ?, जा वि गयक लिए वन्य मगागे हृ, भला हृ।

जोवन मे सहकारिता का स्यान समझिये—

अब तक जो कुछ वहा गया ह उम सार रूप मे या वताया जा मकता ह कि दूमरो की उत्तमता क आगे केवल प्यार ही एक मात्र उपचार ह। प्यार से मतलब माथियो क लिए प्यार।

ईर्ष्यालु व्यक्ति कई वार कहना ? कि उसमे ईर्ष्या अपने साथी के प्रति महान प्यार की वजह स पदा हुई ह। कि तु यदि वह ईमानदार ह तथा सुलझेहुए विचारो का है तो वह स्वीकार कर लेता है कि ईर्ष्या उसके प्रति स्वार्थी विचारा क कारण पैदा हुई ह।

सही प्यार केवल भवग ही नही ह वलिक दूमरा क प्रति भले की कामना भी इसी मे सयुक्त है। जो कुछ ईर्ष्यालु व्यक्ति कहे वह व्यक्ति केवल इच्छा करत है अपने स्वय के भले की।

यदि कोई व्यक्ति ईर्ष्या वश है ?' यह समभने अनुभव करले तो उसके भयकर कुपरिणामो मे वच सकता है। वाईविल के अनु सार पूर्ण प्यार मे (भी) डर छिपा हुआ है और (अ त मे) ईर्ष्या वास्तव म एक प्रकार का शक्तिशाली डर ही है।

•••

निराशा रोग एव उपचार

••

निराशा' शब्द ही पीडादायक है। निराशा की प्रकृति तथा इसके कारणा को जानना भी आसान नही है। निराशा का प्रभाव थकान, असतोप चिडचिडेपन तथा उदासो लाने वाली वस्तुओ के साथ साथ प्रकट होता है।

पूव इसके कि इस सम्बन्ध मे आप कोई उपचारात्मक कदम उठाएँ यह निश्चय कर लीजिए कि इसकी जड शारीरिक नही है। यदि एक बार आप व आपके डाक्टर यह तय करलें कि इसका कारण शारीरिक नही है तव इसका उपचार कवल आप ही पर निभर है। इसका इलाज आप जितना कठिन समझ रहे ह शायद उतना कठिन भी नही है।

निरीक्षण कीजिये—

कोई व्यक्ति जब अपने को निराश पाते है तो शीघ्र ही उपचार भी कर लेते हैं। वे सोचते हैं– म किस प्रकार दूसरो की ओर देखूँ, वह कितना भाग्यशाली है? उसे शीघ्र ही निराशा के लिए कोई उपचार करना चाहिए।' यह निश्चित रूप से एक सोचने का उपयोगी तरीका है। यद्यपि कई बार हमारे प्रयत्न स्वय को देखकर हँसने के बाद समाप्त हो जाते ह।

क्षण भर के लिए खडे रहिए तथा सोचिए। अधिक से अधिक या बार बार निराशा का अनुमान लगाना हानिप्रद है। ऐसी स्थिति म प्रस न रहने का प्रयत्न कीजिए, मुस्कराइये। फिर से सोचिए तथा देखिये कि आपका कैसा अनुभव हो रहा है? फिर मुस्कराइए तथा मुस्कराने का विश्लेषण कीजिए। इससे आप

किसी महान मनोवैज्ञानिक का सत्य ही कहना है कि 'सुधार के लिए आप श्रम तोष अनुभव कीजिए उन्हें आमन्त्रित कीजिए पर साथ ही आप इतना म ताप भी अनुभव कीजिए कि आप प्रसन्न रह सकें।' यदि व्यक्ति अपनी क्षमताओं तथा आवश्यकताओं के वास्तविक स्तर का अनुमान लगा सके तो वह प्राप्त की गई सफलताओं के स दर्भ में बहुत कम निराश होगा। जब निराशा दीखती है तो व्यक्ति सजगतापूर्वक जीवन व्यतीत करते हुए कुछ अ शो तक सार्वभौमिक अनिवार्य मानकर स्वीकार करना चाहिए।

निराशा को क्षणिक मानिये—

निराशा से गम्भीर रूप में पीडित व्यक्ति के लिए मुख्य कष्टदायक यह बात है जो कुछ वे करते हैं, उसके लिए वे बहुत चिंतित रहते हैं, बजाय यह सोचने के कि उन्हें क्या करना चाहिए। लाखों सामान्य व्यक्तियों के सुखी जीवन का रहस्य ही यह है कि वे भावनाओं को गौण स्थान देते हैं। उनके दृढ निश्चय के अनुसार कर्तव्य प्रथम स्थान पर है तथा कार्य किया ही जाना चाहिए।

यह उनकी मौन वीरता नहीं है। इस भांति व्यक्ति की भावनायें उचित स्थान प्राप्त करती हैं तथा वे अनुभव प्राप्त करते हैं कि उन्हें कई कार्य करने होते हैं। सम्भव है उनमें से कुछ वे करना पसन्द न भी करें। इस प्रकार यह एक परिपक्व विचार है। जबकि कुछ व्यक्ति अपने को क्षम्य समझते हैं तथा कई व्यक्ति कई समस्याओं व कठिनाइयों से अपने को पीडित पाते हैं जो निराशा के शिकार होने वाले होते हैं। इसलिए महत्वपूर्ण यह है कि व्यक्ति जब निराशा अनुभव करें तो उसे जागरूकता के साथ उपचारात्मक प्रयत्न करना चाहिए जिससे कि वह शीघ्रता से विजय पा सके।

अपनी परिस्थितियों की अपेक्षा अपने लिए सोचिये

कई बार आप व्यक्तियों को यह कहते सुनते हैं निराश हैं। जिन परिस्थितियों में आप रह रहे हैं या जि

को सामना करना पड़ रहा है उसका निश्चय करें। कर सकते पर उन परिस्थितियों से उत्पन्न विचार धारा का निर्णय आप पर है। इसलिए बुद्धिमानी इसी में है कि उन मन की जा सकने वाली वस्तुओं या परिस्थितियों पर ही ध्यान दें और अजय वस्तु को सोचने विचारने के क्षेत्र में हो न आने दें। क्योंकि पुरानी कहावत के अनुसार कठिनाइयों में ही वास्तविक बुद्धिमानी छिपी है।

कठिनाइयाँ व्यक्ति में साहस निश्चय का प्रकाश पैदा करें, यह बहुत कुछ व्यक्ति पर ही निर्भर करता है।

उपयोगी चिन्तन में व्यस्त रहिए—

प्रत्येक निराशा में आशा की एक किरण भी होती है। जैसे—डर साहस शंका आशा थकान उत्साह आदि आदि।

अच्छा यह है कि अपने चिन्तन का स्वयं ही नित्य प्रशिक्षण प्राप्त कीजिए। किसी भी नकारात्मक या हानिप्रद विचार को मन के अचेतन स्वरूप में ठिठाने के पूर्व उसे नकारात्मक या उपयोगी तथ्य के रूप में बदल लीजिए। यदि कुछ भी नहीं होता है या घटता है तो भी सप्ताह की सप्ताह प्रतीक्षा कीजिए। आप देखेंगे कि नतीजा मिल रहा है।

निरन्तर प्रयत्न होना चाहिए प्रयत्न सामूहिक होना चाहिए

कई बार केवल एक उपयोगी विचार से जुड़े सैकड़ों विचार आते हैं तथा वे क्षण भर में जीवन के प्रति नया दृष्टिकोण पैदा कर देते हैं तथा इस प्रक्रिया में मनुष्य का स्वरूप ही बदल जाता है। इस प्रकार का प्राप्त नया स्वरूप पूर्व के निराश व्यक्ति से पूर्णतः भिन्न होता है। इस प्रक्रिया में धैर्य साहस व सच्चाई की अत्यधिक जरूरत पड़ती है। पर यह प्रक्रिया कार्य अवश्य करती है।

अपने आदर्श निश्चित कीजिये—

अन्तिम पर महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने आदर्श निश्चित कीजिए। अब तक जो कुछ कहा गया है उसी का यह सार रूप है।

व्यक्ति जो कुछ करना चाहता है उसके लिए दृढ निश्चय की जरूरत है। वह अपनी इच्छाओं एवं अभिलाषाओं के अनुसार सामान्यतया काम नहीं कर सकता, इस भाँति जैसा आदमी सोचता है, वैसा नहीं बन पाता।

यदि जीवन वास्तव में उपयोगी है तो जीवन में निराशा, चिड़चिड़ापन, क्रोध, साहस हीनता एवं हीनत्व पर विजय पानी ही होगी तथा इसके स्थान पर आदर्श तथा जीवन मान का स्तर निश्चित करने होंगे जिनके अनुसार जीवन ढाल सकें। यह व्यक्ति की अपनी इच्छा है कि वह इन आदर्शों को अपनी धार्मिक या नैतिक विचार-धारा से जोड़े या नहीं। पर महत्वपूर्ण यह है कि व्यक्ति को यह सब ज्ञान होना चाहिए। उसे किन किन वस्तुओं को प्राप्त करना है तथा ये वस्तुएं उसकी अन्तरात्मा से स्वीकृत होनी चाहिए। यदि इन सब बातों को हम किसी सूत्र में बता सकें तो अधिक उपयोगी होगा जिससे व्यक्ति स्पष्टता से समझ सकेगा कि वास्तव में वह क्या चाहता है? ऐसे सूत्रों को हमें लिपिबद्ध कर लेना चाहिए तथा उनके अनुसार ही काम भी, प्रयत्न भी, करना चाहिए। इसका अर्थ यह भी कदापि नहीं है कि उनमें आगे चल कर परिवर्तन न हो तथा उन्हें फिर से न लिखा जाय। मनुष्य विकासशील प्राणी है, इसलिए सूत्रों में भी समयानुसार परिवर्तन जरूरी है। पर हम जीवन में चाहते क्या हैं, इसका एक स्पष्ट विचार, स्पष्ट रूपरेखा मनुष्य के सामने अवश्य होनी चाहिए।

जब निराशा मनुष्य को घेर लेती है तो लिखित सूत्रों की उपयोगिता और भी बढ़ जाती है। जब आपके मस्तिष्क की स्थिति विपरीत होती है तो आप सूत्र को उठाइये, उसे ध्यान एकाग्र कर के पढ़िये तथा मन में दोहराइये, आपको नई शक्ति मिलेगी, नई प्रेरणा एवं नया उत्साह मिलेगा। आप देखते हैं कि ये वे ही विचार हैं जो आपके जीवन का ध्येय व उद्देश्य निश्चित करते समय

थे। संक्षेप में ये ही वस्तुएं आपके लिये सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण हैं एवं ये ही वस्तुयें आपका वास्तविक रूप प्रस्तुत करती हैं।

इस प्रकार ये ही कुछ ऐसी वस्तुएं हैं जो आपको निराशापूर्ण स्थिति से छुटकारा दिलायेंगी। अतः वर्षों में जीवन जीने के लिये इनमें से कुछ तरीकों के अनुसार कार्य करना प्रारम्भ कर दीजिये आज ही और अभी से ही।

•••

उद्विग्नता

••

जीवन का नष्ट करने वाली शक्तियो मे से एक उद्विग्नता भी है। यह न केवल ग्रमन चन प्रसन्नता शांति एव स्फूर्ति का ही नष्ट करती है वल्कि सम्पत्ति समय व सतुलित स्वभाव को भी नाश कर देती है, इससे मित्रता मे विघ्न पडता है यह एकाकीपन एव निराशा को भी ज म देती है। प्राय जब वस्तुग्रो या बातो के लिए हम चि तातुर होते हैं व महत्वहीन होती है, गम्भीरता से सोचन पर पता लगता है कि उन पर विचार करना ग्रावश्यक नहीं है। जैसे क्या हमने सही निर्णय लिया है? क्या हमने दरवाजा खुला छोड दिया है? क्या हमने नल खुला छाड दिया है? जो कुछ मैंने कल कार्यालय मे स्वामी को बताया उस पर उसकी क्या प्रतिक्रिया हुई होगी?

यह महत्वपूर्ण है कि हम उद्विग्नता के कारणा का सही-सही पता लगाएँ जिससे कि हम उनका उपचार कर शक्ति का बचाव ग्रौर ग्रपने जीवन का ग्रधिक शा त व सृजनात्मक बना सक। हम ग्रपनी ग्रादतो को भी कम महत्व नही देना चाहिए। हमारा जीवन बहुत कुछ बचपन पर निर्भर करता है। ग्र ग्रेजी की एक कहावत के ग्रनुसार बच्चा ही मनुष्य का पिता है। यदि हम क्रोधीले स्वभाव गुस्सा, ग्रसुरक्षा प्रताडना विग्रह व भग्न परिवार में पाले पोसे गये तो बचपन म सीखे गये तनाव हमारे जीवन का ग्र ग बन जायेंगे तथा बडे हानिप्रद सिद्ध होगे वे ग्रभिन्न रूप से हममे जुड जायेंगे हम उनके भक्त बन जायेंगे।

लेखक के एक मित्र ने उसको एक बार बताया कि वह एक भग्न परिवार मे पाला गया है जहा हर समय रेडियो चलता रहता

था। वह पढ़ने का केवल एक ही चारा था कि घर के एक कोने में बैठ कर पढ़ते तथा होने वाले शोर गुल के ऊपर ध्यान न देते। उसने आगे बताया कि अब वह बड़ा आदमी हो गया है, ज्यों ही सुबह वह उठता है तथा पत्नी जो चाय बनाने के लिए कहता है त्योंही रेडियो चलाना शुरू कर देता है। हर वक्त जब मैं घर में होता हूँ या घर आता हूँ रेडियो चलाता हूँ और यह अनुभव करता हूँ कि बिना शोर गुल के आवाज के घर मरा मरा सा लगता है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि उस बचपन की स्थितियों में रहने की आदत हो गई है यद्यपि बचपन में वह शोर गुल के सदैव विरुद्ध था क्योंकि शोर गुल उसे एकाग्रचित्त होकर पढ़ने में बाधा पहुँचाता था।

इसी भांति यदि हमारे बचपन के दिन उद्विग्नता चिंता असुरक्षा, घबराहट, खतरा युद्ध का डर हृदय की गति का रुकना, परिवार टूटने की अनिश्चितता होना आदि बातों से युक्त है जो यह स्वाभाविक है कि दैनिक जीवन की इस प्रकार की स्थितियाँ हमारे जीवन मे सार्वेगिक अस्थिरता का अंग बन जाती है। इन सबके बिना हम वर्तमान दुनिया को उसके सही अर्थों में नहीं जान सकते है।

जिस प्रकार मित्र शून्यता से बचने के लिए रेडियो चलाता था उसी भांति हम मे से कई व्यक्ति उद्विग्नता को न्योता दे बैठे हैं। चिंता हम इसलिए करना आरम्भ कर देते हैं क्योंकि हमे बताया जाता है कि बिना चिंता के जीवन सारहीन व शून्य बन जायगा।

ज्योंही ऐसी अनर्थकारी हानिकारक तथा निरर्थक आदतों का पता लगे उनसे छुटकारा पाना चाहिए। जब कभी आप अपने आपको उद्विग्नता की स्थिति में पायें तो उसका अर्थ जानने की कोशिश कीजिए। आप अपने उस वातावरण के बारे में

सोचन लगते हैं जिमम ग्रापका बचपन बोता है। ग्राप ग्रभ्यास कीजिए कि ग्राप ग्र-य प्रकार के भि-न वातारग म भी प्रस-नता पूवक रह सकते है। यह नया वातावरण कमा होगा ? क्या ग्राप इसको सराहा जाने ग्राग्य प्रस-नता दन वाला, सहिष्णु वातावरण बनान का तयार ह ? क्या ग्राप 'जिग्रो ग्रौर जीन दो' सिद्धान्त मे विश्वास करते हैं ? क्या ग्राप किसी योजना का कायक्रम के प्रति श्रद्धालु बन गये हैं ? क्या ग्रापमें कत्त-य की भावना का विकास हो गया है ?

यदि ग्राप कोई काम न कर सके ता ग्राप हर वक्त उद्विग्नता स घिरे रहेगे। ग्राप भलाई व सहिष्णुता की ग्रार मुडिये। ग्राप देखेंगे कि ग्रापक विचारा व ग्रनुभवो को महत्व दिया जा रहा है। कुछ महिनो तक लगातार यह ग्रभ्याम करते रहिये ग्राप पायगे कि ग्राप ग्रधिक जि दादिल साहसी तथा सृजनात्मक दुनिया मे रह रहे हैं।

उद्विग्नता का दूसरा सामा-य कारण है कि हम सजग नही रह पा रहे हैं। यदि हमारी ग्र तरात्मा एक विशेष प्रकार के व्यवहार के लिए ग्राग्रह कर ता ऐसी स्थिति में चिडचिडापन हो सकता है जो कि उद्विग्नता की जड है।

हमे सहसा मुक्त नही किया जा सकता चू कि हमारे कार्यों का स्तर नीचा है ग्रौर इस प्रकार बराबर चलता रहता है। एक बार एक महिला रोगी सकुचित धार्मिक विचारधारा वाले सज्जन के सम्मुख लाई गई। यह महिला बुद्धिमती थी तथा उसने ग्रपने स्कूल व कालेज मे ग्रच्छा कीर्तिमान स्थापित किया था। पर जब वह जीविका की राह पर चलने लगी तो उसके दिमाग मे बराबर द्वन्द चलन लगा। यह द्व द्व था उसकी सामा-य बुद्धि सही व उपयुक्त तथा दूसरी ग्रोर चेतना पर काबू पाने वाली इच्छा पर जो क्रोध से युक्त थी। उसने पाया कि यह द्व द्व चरम सीमा पर पहुँच गया है। न केवल इससे व्यावसायिक कार्यों को ही ठेस लगी बल्कि

मित्रो के साथ याने मम्र व भा विगड गये । वह भलाई प्राप्त करना चाहती थी, पर उस यह भो मक्त हाा नगा कि उमको प्रम नता शतान का घर ह । वह प्रत्येक वम्तु जो उम प्रमन्नता दे सकती ह शतान ह । इस प्रकार की उद्विग्नता का क्या उपचार ह अतिम रूप स किम पर लागू होगा ? हम मस्तिष्क की शाति को कसे खोज सकत ह ।

यह स्वाभाविक ह कि जब हम युवा थ तो अधिकारी लोग मागदशन करते थे । इम अधिकारी वग म हमारे माता पिता, शिक्षक तथा धार्मिक नता आत ह । छोटी उम्र म अधिकारियो को चुनौती दकर परिपक्व बन हे, यह एक अनोखा अनुभव ह । फिर भी हम कभी भी पूण परिपक्व नही हा सक जब तक कि अधिकारियो को चुनौती न द दी । यदि हम बचपन म अधिकारियो को चुनौती न दत तो निश्चित रूप स हम अपरिपक्व उद्विग्नता व विरोधी विचारो म रहते । या एस अधिकारी हमारे मित्र न बनत तो उह क्षेत्र से बाहर निकाल फकन की हिम्मत प्राप्त करत ।

गीता म जो कुछ कहा गया है उस देववाणी समभ कर मुझे मानना चाहिए । गीता के माध्यम स भगवान बोल रहे हैं यह कह कर मुझे गीता की श्रद्धा करनी चाहिए । गीता आपत्ति क समय म हमारा माग दशन करती है प्रस नता देती है । पर यदि हम प्रत्येक अक्षर, अद्ध विराम व अ य विराम चि हादि पर ध्यान द तो हम दु खो से घिर जायग । गीता तो बुद्धिमानी व्यावहारिकता का श्रोत है । स्पष्ट विचार स कोई भी दो या अधिक व्यक्ति आत्मीय सूत्र मे बध सकते है निकट आ सकते है । जो कुछ हम सोचते या निणय लते है उसक लिए हम ही उत्तरदायी है । हमारा निणय प्राचीनकाल के मान दण्डा पर निभर नही होगा फिर चाहे व मान दण्ड हमारे पूवजा की राय पर आधारित हो या प्राचीन धार्मिक ग्र था व नीति शास्त्रो पर । हमे तो हमारे स्पष्ट विचार व कार्यों के आधार पर ही परखा जायगा । हम पाषाण कालीन सभ्यता की

प्रशंसा करते हैं कि हमारे पूर्वज कितने प्रखर बुद्धि वाले एवं चतुर थे। ज्यों ज्यों हम बड़े होते चलते हैं हमें एक नई चेतना की जरूरत होती चलती है कोई आवश्यक नहीं है कि यह नई चेतना हमारे पूर्वजों की राय पर उनके आचार विचार पर आधारित हो। हम अपनी सर्वोत्तम बुद्धि व अनुभव से राह पाते हैं, मार्गदर्शन पाते हैं। कुछ लोग ऐसा बताते हैं कि हम प्रार्थना स्तुति करने से भी दैनिक मार्ग दर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

इन सब बातों से स्पष्ट होता है कि दैनिक चेतना से न केवल मार्ग दर्शन मिलता है बल्कि इससे उद्विग्नता भी दूर होती है तथा अधिकारियों का हमारे प्रति जो दुर्व्यवहार होता है वह भी दूर हो सकता है। अन्त में जब हम बरामदे में बैठे होते हैं उद्विग्नता को चाहे वह बड़े कार्यों की हो या छोटे कार्यों की महत्वपूर्ण कार्यों की हो या साधारण कार्यों की-हम अपने सोचने विचारने के क्षेत्र से पृथक कर देना चाहते हैं। मनोविज्ञान की भाषा में इसे दमन करना कहते हैं। बचपन के दिनों में प्रत्येक व्यक्ति के साथ कुछ न कुछ उद्विग्नता रहती है जिसे हम दबा या छिपा लेना चाहते हैं परवश उसको भूलना चाहते हैं। जब हम उसे नहीं भूल पाते हैं तो वह भूत बन कर-असाध्य रोग बन कर-हमें कष्ट देती है। यहां से हमारी उद्विग्नता की शुरुआत होती है। पिछले दिनों में हम शान्ति नष्ट करने का तथा यहां तक कि जीवन से हाथ धोने का भी मौका मिलता है। ऐसे विचार हम पर अधिकार पाना चाहते हैं जिन्हें हम छुपाना पसन्द करते हैं।

निराशापूर्ण तथा असंतोष जनक बचपन या तो जीवन को नीरस बना देता है या तीव्र उत्तेजना से भर देता है। यद्यपि इस प्रकार के विचारों को महत्व ही न दिया जाय तो भी यदा कदा अभिव्यक्ति हो ही जाती है। ऐसे विचार स्पष्ट रूप से तो प्रकट नहीं हो पाते हैं तो वे उद्विग्नता के रूप में फूट पड़ते हैं। उदाहरण के लिए, एक धनी व्यापारी ने जो कि बराबर उद्विग्न रहता था,

बताया कि वह अपने विद्यार्थी जीवन मे छात्रावास म सदव अ य लडको से भि न रहता था और वह कभी उत्तीर्ण न हो सका अध्ययन मे प्रगति न कर सका। उसे आरम्भ म यह डर बना रहा कि वह मूख है पागल है। वह अपनी कार भी नही चला पाता था इस बात को लेकर भी उस अपने आप पर तरस आता था।

इन सब उद्विग्नताओ का क्या कारण हो सकता है? कारण जानने के लिए स्थितियो का विश्लेषण आवश्यक है। उसकी माता धार्मिक विचारो की महिला थी तथा पिता नतिक शिक्षा के प्रध्यापक थे। माता पिता ने बच्चे के लिए जो आदर्श या उद्देश्य निश्चित किए थे वे मानवीय पहुच स बाहर थे उन उद्देश्यो को प्राप्त करना आकाश कुसुम के समान था। पर उस व्यापारी को एक सुविधा थी। घर की नौकरानी ने उसे अपने बच्चे के समान समझा नौकरानी ने उसे न केवल प्यार ही दिया वरन हृदय स लगा कर बिना कोई आभार जताये उसे पाला पोसा। जब इन बातो का पता माता पिता को लगा तो नौकरानी को एक दिन का अग्रिम वेतन दे कर विदा कर दिया। चार वष के बच्चे ने देखा कि अब उसके लिए ससार म कोई नही है उसके जीवन का अन्त होना है। अब वह अनजान ही जीवन की तनिक आशा तथा मृदुल प्यार खो कर अपने आप को भाग्य के भरोसे छोड चुका था।

यहा उसको एक सा त्वना मिली उसके माता पिता डर, तथा उन्होने चिकित्सको की सलाह ली। पर रोग बढता ही गया और नारी और सम्मानित परिवारो म यह असाध्य रोग बन गया। इस कारण म एक रोगी बच्चा होने पर अपने आपको अ य रोगियो स भिन्न अनुभव करता था। वह डरा कि वह पागल हो जायगा। वह चिन्तित हुआ कि वह कार नही चला सकता इसी भाति वह जीवन नही चला सकता। बचपन म कार न चला पाना, मित्रो म न बैठ पाना व्यापार म सफल न होना आदि सभी उद्विग्नताये उसके जीवन

की राहों म फूट पडी जिनका उसने बराबर छिपाने का प्रयत्न किया था।

उसकी उद्विग्नताओं का यही कारण जानने के बाद सामान्य तथा भावेगिक रूप स उद्विग्नता के विचार से मुक्त होने के लिए वह जीवन पर तथा जीवन से सम्बंधित कार्यों पर स्वामित्व करना चाहता था। अब वह उस ताव का निवारण कर सकता था क्योंकि यह सब उस पर निर्भर था कि वह वास्तविक आनन्द, प्रसन्नता एव सताप प्राप्त करे जिसका वि उस पूरा पूरा अधिकार है।

एक महिला का उदाहरण लीजिये जिसे कभी भी रात्रि म एक बजे स पहल नींद नहीं आती थी क्योंकि वह अपने आपको समझा नहीं पाती थी कि उसके मकान क सभी दरवाजे व खिड़कियां बन्द कर दी हैं। उसे यही डर रहता कि कोई खिड़की या दरवाजा खुली रह गई है तथा वह उन्हें देखने के लिए कभी-कभी तो बीसों बार जाती थी। इस उद्विग्नता के कारण खोजे गये तो उस महिला के बचपन म जुड़े हुए पाये गये। जब वह छोटी बालिका थी तब उसे किसी न बाधा पहुँचाई। उसे गहरा धक्का लगा, उसमे ऐसी शक्तियां थीं जो उसको बार बार आवृत्ति चाहती थी। यह विचार उसके लिए बड़ा भयानक बन गया उसे इस विचार का दमन करना पड़ा बरबस भूलना पड़ा। फल यह हुआ कि यह विचार अन्य रूप मे फूट पड़ा।

क्या उस महिला का मकान सब प्रकार स सुरक्षित था? सारांश रूप म यह भी कहा जा सकता है कि क्या वह सम्भोग वार्तालाप या सभोग अनुभव स मुक्त थी? वह अपने खिड़की व दरवाजो के प्रति इसलिए उद्विग्न थी कि उसका सम्भोग वार्तालाप या सभोग अनुभव के बारे मे कोई जान न ले, उसके य हाव भाव प्रकट न हो जाय। जब उसे इस बात का पता लगा तो वह सहज था, स्वाभाविक थी। उसे यह भी विश्वास हो गया था कि उद्विग्नता व दबाव से उसे मुक्ति मिल गई है।

दातो से नाखून काटना

हम म से कई शिक्षका ने कक्षा मे या कक्षा के बाहर विद्यार्थियो को दातो मे नाखून काटते देखा होगा। पर बहुत कम शिक्षक एसे होगे जि हान इस रोग पर सोचने विचारने मे रुचि ली हो। यह रोग केवल बालका मे ही हो एसी बात नही है। कई वयस्क व्यक्ति भी ऐसा करते देखे जाते है। यह एक असामा य व्यवहार है जिसका उपचार किया ही जाना चाहिये। कुछ शिक्षा शास्त्री इस सम्मति के हैं कि जब बालक सवेगात्मक तनाव अनुभव करता है तो ऐसा करने पर उतारू हो जाता है एसा करके वह तनाव मे मुक्ति पाता है। पर कुछ मनोवैज्ञानिक अ य प्रकार की राय भी रखते है। उनका कहना है कि जब बच्चो पर या उनके कार्यो पर ध्यान नही दिया जा रहा हो तो वे दूसरा का अपने मित्रा का अभिभावका का या शिक्षको का ध्यान खीचने के लिये दाता मे नाखून काटना आरम्भ कर देते हैं तथा आदत बनने पर वे सदव एसा करते रहते हैं।

मनाविश्लेषक फायड ने ता मनोविज्ञान के क्षेत्र मे क्रा ति ही उत्पन्न करदी। उनका कहना है कि ऐसा करने मे व्यक्ति की कामेच्छा तृप्त होती है।

इस आदत के विकसित होने पर बच्चा समझता है कि समाज सम्मत व्यवहार रीति रिवाज लाक परम्परा या मर्यादायें कोई आवश्यक नही हैं कि उनका पालन किया ही जाय कोई आवश्यक नही है। फिर बच्चा एका त प्रिय बन जाता है। दुर्भाग्य स यदि माता पिता भी कभी बच्चा का ऐसा करने पर डाट दे तो बच्चा अपनी असामान्यता के बारे मे निश्चित हो जाता है। यही से बच्चे मे हीन भाव के बीज पडते हैं तथा बच्चा अपने को अयोग्य समझने लगता है।

अ गूठा चूसना

••

कई बच्चे अपनी मा का दूध पीना छोडने के बाद अ गूठा चूसना आरम्भ कर देत हैं। समाज मे यह एक असामान्य व्यवहार गिना जाता है इसलिए इसके कारणो का पता लगा कर रोग दूर करने की कोशिश करनी चाहिये। यह व्याधि नीचे लिखे कारणो से होती है—

(अ) भूख से छुटकारा पाने के लिए बच्चा ऐसा करता है।

(आ) यह एक ऐसी क्रिया है जो फ्रायड के अनुसार बालक को आनन्द देती है।

(इ) यह एक सहज क्रिया है।

क्या कारण है कि बालक ऐसा करता है ?

(अ) माता पिता बालक के प्रति स्नेह न जताय या वे उसे ताडना दे तो बालक उनका ध्यान खीचने के लिये ऐसा करता है।

(आ) सवेग से पीडित होने पर भी बालक एसा करते हैं जिससे कि वे इससे मुक्ति पा सके।

यह तो निश्चित है कि ऐसा करके बालक दूसरो का भी ध्यान तो खीच लेता है पर उसमे सामाजिक व्यवहारो का विकास नही हो पाता—सामाजिक व्यवहारो को वह जरूरी ही नही समझता।

दूसरे साथी ऐसा करने पर उसे चिढाते हैं तो उसमे हीनत्व का ज म हो जाता है बल्कि लज्जालु व शर्मीला बन जाता है। ऐसी स्थिति मे वह समाज के कार्यो मे रुचि नही लेता है तथा

एकान्तप्रिय बन जाता है उसके जीवन में निराशा छा जाती है तथा
यह भी सम्भव है कि उसके मुंह में कुछ खराबी पैदा हो जाय।

जैसा कि ऊपर बताया गया है कि बालक कभी कभी ऐसा
भूख के कारण भी करता है। यदि ऐसा है तो बालक को भोजन
दूध आदि पर्याप्त मात्रा में दिये जाने चाहिये यदि वह अंगूठा इसी
कारण से चूसता है तो छोड़ देगा।

बच्चों को स्नेह दीजिये उन्हें तनावपूर्ण स्थितियों से बचा-
इये बच्चों को कामों में लगाये रखिये या खिलौनों में उलझाये
रखिये, इससे भी आदत में कमी आयगी। उसे [illegible] में रहने दीजिये
कि वह हमजोली मित्रों के साथ खेले। यदि वह मित्रों के साथ
खेलने के लिये शारीरिक दृष्टि से कमजोर हो तो उसे ऐसे खिलौने
दीजिये जिससे वह दोनों हाथों का प्रयोग कर सके।

अंगूठा चूसने से मुक्ति दिलाने के लिये बालक को कभी चिढ़ाना
नहीं चाहिये— न उसकी आलोचना ही करनी चाहिये। स्नेहपूर्ण
व्यवहार के साथ उसे इस व्यवहार की हानियां अवश्य बता दी जायं
तथा उसे इसे छोड़ने का भी यत्न करना चाहिये। अभिभावकों
को चाहिये कि बच्चे को एक डायरी व पेंसिल देकर उन्हें कहा जाय
कि वे अपने इस व्यवहार को जितनी बार करें अपनी डायरी में नोट
करें। इससे बालक स्वयं सचेत हो जायगा तथा उसकी यह आदत
स्वतः ही छूट जायगी।

•••

कधे उचकाना

••

लेखक को अपने बचपन के एक ऐसे शिक्षक की मधुर स्मृतियां है जो बात बात मे कंधे उचकाया करते थे तथा अन्य शिक्षक महोदय उनको XXX नाम से पुकारा करते थे। व्यक्ति कंधे क्यो उचकाते हैं एक शोध करने वाले विद्यार्थी के लिए यह एक बडा रुचिप्रद विषय हो सकता है। यह तो स्पष्ट है कि व्यक्ति ऐसा जानते हुए नही करते हैं और न ही उन्हे अपने इस अनोखे व्यवहार की जानकारी रहती है। व्यक्ति ज्यादा से ज्यादा ४, ५ सकिण्ड ऐसा व्यवहार करता है तथा दूसरो के द्वारा बताने पर ही वह ऐसा अनुभव करता है। ऐसा करने मे निम्न मे से कोई भी कारण हो सकते है—

(१) जन साधारण का या अपने मित्रो का या परिवार के सदस्यो का ध्यान खीचना।

(२) समाज में प्रतिष्ठित किसी व्यक्ति की यह आदत होना तथा अन्य व्यक्तियो द्वारा अनुकरण करना।

(३) अर्द्ध चेतनावस्था या अचेतनावस्था मे दमन की हुई इच्छायें संग्रह हो जाना तथा उनकी सन्तुष्टि के लिये ऐसा व्यवहार करना।

(४) अंग विशेष मे संवेदना का अनुभव होना उससे छुटकारा पाने के लिये अंग विशेष का विशेष प्रकार से संचालन तथा बार बार ऐसा करने से आदत हो जाना।

इस प्रकार का व्यवहार करने से निम्न हानियां हो सकती हैं—

व्यक्तित्व के सहज विकास म बाधा उपस्थित हो जाता
है। अन्य व्यक्तियों के निकट पर व्यक्ति म हीन भावना पैदा हो
जाती है। अपने व्यवहार का प्रदर्शन के लिये व्यक्ति ऐसे अन्य
कार्य करता है जो समाज सम्मत न हो। कोई व्यक्ति उसकी मित्रता
स्वीकार नही करते ऐसी स्थिति म व्यक्ति एकान्त प्रिय हो
जाता है।

विद्यार्थी जीवन म यदि ऐसी आदत पड़ जाय तो शिक्षक को
क्या करना चाहिये? सामान्यतया ऐसा माना जाता है कि किसी
आदत का छुटाना आसान नही है। ऐसी आदत ध्यान पर प्रथम
सावधानी तो यह बरतनी चाहिये कि माता पिता या शिक्षक घर म
या शाला म जब भी यह आदत देखे व्यक्ति या बच्चे को इस असा
मान्य व्यवहार के सम्बन्ध म कोई जानकारी न दे।

यह भी सम्भव है कि कोई शारीरिक कारण हो, यदि ऐसा
है तो इससे छुटकारा पाने के लिये किसी योग्य व अनुभवी डाक्टर
की सलाह लेनी चाहिए। यदि चिकित्सक कोई मदद न कर सके तो
समझिये कि बीमारी का कारण मनोवैज्ञानिक है या व्यक्ति ने अनुक
रण मे सीखा है। ऐसे व्यक्तियों की इच्छाओं को सामाजिक तरीके से
तृप्त की जानी चाहिये। व्यक्ति या बच्चे को इसके लिये डाटना
या ताडना देना उपयोगी नही होगा। उनके साथ स्नेह से व्यवहार
कीजिये। यदि व्यक्ति या बच्चे को यह विश्वास हो जाय कि आप
उसका भला चाहते है आप उसके शुभचिंतक है तो आप उसे उस
आदत को छोड़ देने का संकेत कर दीजिये। यह भी सम्भव है कि
बालक को पढ़ने लिखने पढ़ने के बाद आराम करने की पूरी सुवि
धाये न हो तब भी वह ऐसा व्यवहार कर सकता है। ऐसी स्थिति
का यदि पता लगता उसे सभी सुविधाये उपलब्ध कीजिए।

एक तरीका यह भी हो सकता है कि परिवार म यदि किसी
वयस्क व्यक्ति को यह आदत है बच्चो को उससे दूर रखिये। उसे

पता लग जायगा कि बच्चो को क्यो उमसे दूर रखा जा रहा है ? ऐसा सकेत मिलते ही आदत छोडने पर उतारू हो जायगा ऐसी स्थिति मे किसी प्रकार के उपचार की भी जरूरत नही रहगी ।

इसी प्रकार की अन्य व्याधिया हैं—मुह सिकोडना जीभ से दात कुरेदते रहना, नाक सिकोडना होठ चबाना आखे मटकाना । इन सबका मनोवैज्ञानिक तरीको मे उपचार किया जाना चाहिये ।

•••

चोरी करना

मित्रों की वस्तु बिना उनसे पूछे या बिना उनके ज्ञान में लाये उठा लेना या छिपा लेना या काम में ले लेना चोरी कहलाता है। चोरी करना समाज में कुकर्म माना जाता है तथा चोरी करने वाले को हेय दृष्टि से देखा जाता है। समाज में झूठ बोलने वाले की निन्दा की जाती है। चोरी का आकार जितना बड़ा होगा, निन्दा या दण्ड उतना ही बढ़ जाता है चोरी का आकार या किस्म समाज जितना महत्वपूर्ण समझता है दण्ड का आकार भी उतना ही बढ़ जाता है।

कुछ प्रखर या उच्च बुद्धि वाले बालक इस प्रकार से चोरी करते है कि वह उनकी चतुराई गिन ली जाती है तथा वे मित्रों या दूसरों की आंखों में धूल झोंक देते हैं। आजकल तो उच्च शिक्षा प्राप्त व्यक्ति भी परिमार्जित तरीकों से चोरी करते हैं दूसरों को अखरने भी नहीं देते दूसरों को बुरा भी नहीं लगता तथा अपने को स्वकेन्द्रित कहकर बच निकलते हैं। इस प्रकार की चोरी को कुछ लोग समझने में असफल होते हैं तथा कुछ लोग समझ भी लेते हैं तथा स्वर भ्रान्त है। कुछ बालकों को आवश्यक वस्तुएं माता पिता से या अभिभावकों से नहीं मिल पाती वस्तुओं का उनके पास अभाव बना रहता है ऐसी स्थिति में वे चोरी करने के लिए मजबूर हो जाते हैं। पर आगे चलकर पड़ने पर वे बिना जरूरत की वस्तुएं भी चुरा लेते हैं, वे अन्य वस्तुओं का संग्रह करके आनन्द प्राप्त करते हैं। कुछ बच्चे वस्तुओं की आवश्यकता न होने पर उनकी चमक दमक से आकर्षित होकर भी उनकी चोरी कर लेते हैं। सामान्यतया बच्चे मनके चोरी करते हैं तथा किशोरावस्था में वे अपना दल बना लेते

हैं तथा सामूहिक रूप से भी चोरी करते हैं। कभी कभी वे समूह बनाकर शक्ति का भी प्रयोग करते हैं। अवकाश के दिन किसी के खेत मे घुस जाना तथा ईख तोडना, मटर या हरे चने तोडना, टमाटर तोडना या फलो को तोडना आदि इसी प्रकार के उदाहरण हो सकते हैं।

चोरी करन के कारण हो सकते हैं—

(१) आर्थिक कारण—निधनता के कारण माता-पिता बच्चो की आवश्यकतायें पूरी नही कर पाते तथा बच्च चोरी करने के लिए विवश हो जाते हैं।

(२) वातावरण व सामाजिक कारण का भी चोरी करने में अपना स्थान होता है। सिनेमा या मिल मजदूरो के आस पास रहने, जहा के लोग प्राय चोरी करते हो, वाले सगी साथियो क बीच रहना ऐसी स्थिति का अच्छे बच्चो पर भी धीरे धीरे प्रभाव पडता ही है तथा काला तर मे वे अच्छे चोर बन जाते हैं।

(३) शारीरिक व मानसिक विकृति के कारण भी बच्चे चोरी कर सकते हैं।

(४) पीढी दर पीढी भी चोरी करने की आदत बनी रहना देखा जाता है। यूनाधिक रूप से चोर पिता का बच्चा चोरी करन मे दक्ष हुआ करता है।

(५) शाला का काय नीरस व उदासीनता पदा करने वाला हुआ तो बालक शिक्षको की निगाह बचा कर शाला से भाग निकलता है तथा गेंग मे मिलकर चोरी करना सीख लेता है।

पर हम यह भी मानना ही चाहिए कि कई छोट अबोध बच्चे अज्ञानतावश ही चोरी करते हैं। वे अपनी व अपने [illegible] वस्तुओ मे कोई अन्तर ही नही समझते।

उपचार—

चोरी करना फिर चाहे वह सावधानी से किसी की वस्तु को छिपा लेना हो या दूसरो को धोखा देकर चोरी करना हो, समाज से स्वीकृत काय नही है। यह असामाजिक काय है इससे बच्चो को बचाना चाहिये। सवप्रथम आवश्यकता इस बात की है कि बच्चो को अपनी तथा अपने मित्रो की या दूसरो की वस्तुओ मे अन्तर सम भाना चाहिये। किशोर बच्चो को खान पीन तथा पढन लिखन की जरूरतम द सभी वस्तुयें देते रहना चाहिये। कभी कभी उनके मित्रो को जलपान के लिए भी आमन्त्रित करना चाहिये। घर का वाता वरण या पडौस या बच्चो के सगी साथी ही ऐस होकि चोरी की आदत को बढावा मिले तो बच्चा को माता पिता के पास से हटा कर आवासीय विद्यालयो मे भर्ती करा देना चाहिये जहा उन्ह छात्रावास मे रहन से इन सब तत्वा स दूर रखा जा सक। बच्चा को चोरी की बुराई तथा चोरी के कारण दिये जाने वाले दण्ड क कष्ट का ज्ञान करा कर भी उन्ह बचाया जा सकता है। शाला का वातावरण तथा क्रिया कलाप ऐसे सरस व रुचिप्रद होन चाहिये कि बालको को वहा स भागने का प्रोत्साहन न मिले। माता पिता को बच्चा को चोरी करने क लिये कभी भी भूलकर भी प्रोत्साहन नहीं देना चाहिए।

यदि बच्चे मानसिक या शारीरिक विकृति के कारण चोरी करते हो तो माता पिता को शीघ्र ही किसी होशियार चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिये।

•••

झूठ बोलना

••

सही बातों को न कह कर कुछ और कहना, असलियत को छिपाना, वास्तविकता के प्रतिकूल कहना, झूठ बोलना कहलाता है। झूठ बोलना कई प्रकार का हो सकता है।

(१) बड़ों की आज्ञा मानने के लिये झूठ बोलना।
(२) दूसरों को कष्ट न पहुँचाने के लिये झूठ बोलना।
(३) अपने स्वार्थ के लिये झूठ बोलना, इसे धोखा देना भी कहा जा सकता है।
(४) दूसरों के सामने बड़ा बनने के लिये झूठ बोलना।
(५) दूसरों के प्रति घृणा व्यक्त करने के लिये समय पाकर झूठ बोलना।
(६) दण्ड से बचने के लिये झूठ बोलना, तथा
(७) अपने से बड़ों की प्रशंसा प्राप्त करने के लिये झूठ बोलना आदि आदि।

झूठ बोलने के कारण—

झूठ बोलने को प्रोत्साहन देने में निर्धनता का बहुत बड़ा स्थान है। निर्धनता के कारण माता पिता बच्चों की सभी आवश्यकतायें पूरी नहीं कर पाते। फलतः बच्चे अपने सभी साथियों में व अपने से बड़ों में झूठ बोलकर माता पिता की निर्धनता प्रकट नहीं होने देना चाहते।

वातावरण व सामाजिक कारणों का भी झूठ बोलने में अपना स्थान होता है। सिनेमा या मिल मजदूरों के आस पास रहना, जहाँ के लोग प्राय झूठ बोलने वाले सगी साथियों के बीच रहना

वैसे वातावरण का अच्छे उच्चों पर भी धीरे धीरे प्रभाव पडता है तथा समय बीतने के साथ साथ वे दक्ष व अच्छे झूठ बोलने वाले बन जाते हैं।

शारीरिक व मानसिक विकृति से भी बच्चे झूठ बोलना सीख सकते है।

झूठ बोलने की आदत माता पिताओं से भी प्राप्त हो सकती है। या यों कहिये कि पीढी दर पीढी झूठ बोलने की आदत भी कई बार देखी जाती है। न्यूनाधिक रूप से कहा जा सकता है कि झूठ बोलने वाले माता पिता का बच्चा झूठ बोलना शीघ्र सीख लेता है।

शाला का कार्यक्रम इतना नीरस व उबाने वाला हो कि बच्चा वहा से शिक्षकों की निगाह बचाकर भाग निकले तथा गग के साथ मिलकर झूठ बोलना सीख जाय।

कई छोटे छोटे बच्चे अज्ञानतावश झूठ बोलते हैं। वे झूठ व सच मे अन्तर ही नही कर पाते।

उपचार—

झूठ बोलना समाज सम्मत कार्य नही है। अत इसे प्रारम्भ से ही रोका जाना चाहिये। यह माता पिता का कर्त्तव्य है कि वे बच्चो को झूठ व सच तथा सही व गलत का ज्ञान कराये जिससे वे अज्ञानतावश झूठ न बोले।

जिन बच्चो की आवश्यकतायें पूरी होती रहती हैं अर्थात जिन बच्चो को अपनी आवश्यकताओं की चीजें मिलती रहती हैं वे प्राय झूठ बोलने के शिकार नही होते ऐसा विश्वास किया जा सकता है। प्रारम्भ मे झूठ बोलने पर दण्ड देने के बजाय आगे झूठ न बोलने के लिए स्नेहवश समझाना चाहिये। सत्य बोलने का प्रोत्साहन देना चाहिये। मित्रो मे बालक की सच बोलने की आदत की प्रशसा करनी चाहिये, इससे उन्हें प्रसन्नता होती है, प्रोत्साहन मिलता है। स्नेहपूर्ण वातावरण हो बच्चो पर आतंकपूर्ण वाता-

चरण न हो तो बच्चे भी सच बोलने में नही हिचकेंगे। सच बोलने पर बच्चा की प्रशंसा भी करनी चाहिये उन्हें पुरस्कार भी दिया जा सकता है। छोटा मोटा खिलौना या मिठाई पुरस्कार मे पाकर बच्चे फूल उठगे, तथा इससे भी झूठ बोलन की आदत छुटाने मे सहायता मिलती है। उन्ह सत्यवादी राजा हरिश्चन्द्र की कहानी भी सुनानी चाहिये तथा बताना चाहिये कि सत्य के लिये उन्होंने कितने कष्ट सहे।

माता पिता को स्वय सच बोलकर आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिये। उन्ह ऐसा अवसर कभी नहीं देना चाहिये कि बच्चा को झूठ बोलने मे प्रोत्साहन मिले। कई बार पिताओं से मिलने कई व्यक्ति जाते हैं तथा पिता किन्ही कारणों वश उनसे मिलना नही चाहते ह ऐसी स्थिति मे व बच्चों से कहला देते है कि जाकर कह दो कि पिताजी घर मे नही ह। अबोध बच्चे क्या जानें ? वे दरवाजे पर जाकर कह देते ह कि पिताजी कहला रहे ह कि पिताजी घर पर नहीं हैं। माता पिता को सदव ऐसे कार्यों से बचना चाहिये।

शिक्षक को भी सच बोलना चाहिये तथा सत्य का महत्व भी बच्चो बताना चाहिये। सच बोलने वाले बालक की प्रशंसा भी करनी चाहिये उसे पुरस्कार देना चाहिये। कक्षा मे उसका नाम लेना ही उसकी प्रशंसा है। इससे बालक को सन्तोष मिलता है। बालक अध्यापक के प्रति श्रद्धा से रहे उनका विश्वास करे तथा अध्यापक को अपना भला चाहने वाला समझे तो बालक कभी झूठ नही बोलेगा।

कक्षा का काय पाठ का प्रस्तुतिकरण, अध्यापन आदि सरस होना चाहिये बच्चे उसम रुचि लें, इससे बच्चे कक्षा से भागकर झूठ बोलने वाले बच्चा की मित्रता से बचे रहग, साथ ही वे दंड के शिकार होने से भी बच जायेंगे।

बच्चे गैंग म रहते हैं माता पिता बच्चो की परवाह नही करते बच्चे शालाओ से अनुपस्थित रहते ह तथा झूठ बोलत है ता ऐसे बच्चा को आवासीय पाठशालाओ मे भरती करा देना चाहिय जहा छात्रावास मे रहने से उन पर प्रतिकूल सभी सगी साथी व वातावरण का प्रभाव नही हागा।

यदि ब"चे शारीरिक या मानसिक विकृति के कारण झूठ बोलते हैं तो शीघ्र ही किसी होशियार चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिय।

•••

बाये हाथ से लिखना

••

हममे से कई शिक्षक बधुओ ने देखा होगा कि कई बच्चे बाये हाथ से लिखते है, काय करने मे भी बायें हाथ का अधिकता से प्रयोग करते हैं। यह हो सकता है कि ऐसे उदाहरणो की सख्या नगण्य हो। पर ऐसे उदाहरण सभी शिक्षको को मिल तो जाते ही हैं। हममे से बहुत से अध्यापक जानते हुए भी इन प्रश्नो पर नही सोचते। यह एक मनोवज्ञानिक व्याधि है जिसका उपचार किया जाना चाहिए। शो व के आधार पर यह कहा जा सकता है कि बच्चो का बहुत छोटा भाग ज म से बाये हाथ से लिखने का निश्चय करता है। अधिकाश बच्चे दाये या बाये हाथ से लिखने की आदत वाता-वरण से प्राप्त करते हैं।

अधिकाश बच्चे कार्यो के करने मे दाये हाथ का प्रयोग अनु-करण से सीखते हैं बचपन मे वे अपने माता-पिता को दाये हाथ से काम करते देख कर नकल करते हैं। माता पिता बच्चो से चम्मच उठवाते हैं प सिल पकडवाते हे छोटे बतन एक जगह से दूसरी जगह रखवाते हैं। वे बच्चो का कई प्रकार की स्थितिया प्रस्तुत करते हे कि बच्चे दाये हाथ से अधिकाश काम कर। दाये हाथ का बाये हाथ पर प्रभुत्व रहे। अ य कई बच्चे, चाहे उनमे ज म से दाये हाथ से लिखने की प्रवत्ति न हो फिर भी वे माता-पिता द्वारा प्रस्तुत प्रति कूल वातावरण मे बाये हाथ से लिखना सीख जाते ह। प्राय ऐसा माना जाता है कि बच्चो मे जब वे पहली बार शाला मे आते है, इससे पूव ही दाये या बाये हाथ से लिखने के सस्कार पड चुके होते हैं।

क्या पारवलन माद्गाय है ?

कुछ लोगो का कहना है कि बाय हाथ से काय करने वाले व्यक्तियो के लिए राजगार के अवसर सीमित हो जाते हैं। कुछ व्यवसाय ऐसे हो सकते है जिनमे लिपि की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे समय मे नियोजक दाये या बाये हाथ से लिखने की आदत देखने के बजाय लिपि की सुदरता व स्पष्टता पर अधिक ध्यान देते हैं। उद्योगो मे प्राय श्रमिक दोना हाथो का प्रयोग करते हैं बहुत कम उद्योग ऐसे हो सकते है जहा बाये हाथ से लिखना उपयोगी सिद्ध हो या आवश्यकता हो। कई उदाहरण ऐसे देखे जाते है कि बाये हाथ से काय करने वाले व्यक्ति अन्य कई क्षेत्रो मे अन्य साथी लोगो से श्रेष्ठ होते है।

लिपि एक कला है तथा दाये हाथ से लिखने वाले व्यक्ति ही सुदर एव उपयुक्त लिपि लिख सकते है, पर इसका अथ यह भी कदापि नही है कि बाये हाथ से लिखने वाले सभी की लिपि सदैव खराब होती है। जब बाये हाथ से लिखने वाला अपने साथी की सुदर लिपि देखता है तो उसे दाये हाथ से लिखना और भी अनुपयुक्त लगता है। जो कुछ वह कर रहा है, यह जानकर उसे और भी कठिनाई अनुभव होती है, अपने को हीन अनुभव करता है। कक्षाओ में

प्रकाश की व्यवस्था भी उनके प्रतिकूल होती है, क्योंकि कक्षाओं मे प्रकाश की व्यवस्था प्राय दाये हाथ से लिखने वालो की दृष्टि मे रखकर की जाती है। इस बात पर जब विचार होता है तो यह उचित लगता है कि बच्चो से दाये हाथ से काय करने का आग्रह किया जाय, उनमे दाये हाथ से लिखने पर बल दिया जाय, लिपि की सुन्दरता का महत्व समझाया जाय। पर यह हर स्थिति मे याद रखना चाहिये कि बच्चो मे इस परिवतन के लिए जबरदस्ती कभी न की जाय और यह भी की कोइ सवमान्य दृढ नियम नही है कि हर बच्चा दाये हाथ से लिखे ही।

क्या परिवतन से हानि सम्भव है?

इस क्षेत्र मे जो शोध काय हुआ है उसके आधार पर कोई सामान्यकिरण प्रस्तुत नही किये जा सकते। कई बच्चो मे बिना किसी प्रकार की हानि पहुँचाये उपयुक्त प्रशिक्षण से यह परिवतन लाया जा सकता है। कुछ मनोवज्ञानिको की राय है कि बाये हाथ से दाये हाथ मे परिवतन करना बच्चो के समायोजन मे महत्वपूण सिद्ध होते है। कुछ ऐसे भी उदाहरण सामने है जिनमे बाये से दाये हाथ मे परिवतन कई भयकर हानियो के जनक बन गये हैं। बाये हाथ से लिखने वालो को कई अध्ययन की भी कठिनाइया झेलनी पडती है जिसके फलस्वरूप उनके बाए सवेगात्मक सतुलन और व्यक्तित्व के सहज विकास मे विघ्न उपस्थित हो जाता है। ये सब बातें यदि बच्चे के जीवन मे स्कूल के प्रारम्भिक दिनो मे घट जाती हैं तो ये उसकी सम्पूण भावी शिक्षा पर भी प्रभाव डालती है। यह भी बाये हाथ से लिखने के सीमित उपयोगो की बहुत बडी कीमत है क्योकि इसके लिए बच्चे मे हाथ से काय करने मे परिवतन लाने के प्रयास को देखना पडता है। यदि कठिनाइया आयें तो बार-बार निवारण का प्रयत्न करना चाहिये।

किसी भी हाथ की प्राथमिकता, परीक्षण के आधार पर कठिन नही है तो इन परिस्थितियो म सफलता के अधिक अवसर है यदि किसी हाथ की प्राथमिकता बहुत आरम्भ से जमी हुई है तो परिवतन से पूव उसके लाभो पर भी विचार कर लेना चाहिये। वहा असफलता की सम्भावनायें भी ज्यादा है जहा कि बच्चा जिज्ञासु हो या उसमे आत्मविश्वास की कमी हो। लाये जाने वाले परिवतनो के प्रति बच्चो के अभिभावको व शिक्षको म मतभेद है। अनुपयुक्त तरीको से भी असफलता ही हाथ लगती है अत आवश्यक है कि किसी भी प्रयास हेतु पूर्ण सतकता से काय किया जाय। अच्छा तो यह होगा कि किसी भी प्रयास हेतु काय माता पिता या अभिभावको तथा शिक्षको की सहमति से आरम्भ किया जाय।

परिवतन के लिये सर्वाधिक उपयुक्त समय वह होता है जबकि बच्चो मे लिखने की आदत का विकास हो रहा होता है। यदि किसी बच्चे ने बाये हाथ से लिखने की आदत बनाली है तो उसे उसी हाथ से लिखते रहने देना चाहिए और उसी बाये हाथ से लिखने की कला मे सुधार करना चाहिए।

हाथ का परिवतन

परिवतन की उपयुक्तता के सम्ब ध मे सवप्रथम शिक्षको को बच्चो के माता पिता या अभिभावको से मिलना चाहिए तथा साथ ही विधियो माता पिता के सहयो। की प्रकृति तथा काय करने की स्थितियो पर भी विचार करना चाहिये। यदि परिवतन का माता पिता विरोध करते हैं तो बच्चे को दु खदायी परिणामो का सामना करना होगा। यदि बच्चे को परिवतन के विषय मे ज्ञान है तो उसकी भी मदद ली जा सकती ह। परिवतन की प्रक्रिया मे जितना धय रख सके फल स तोषजनक होगे। बच्चे को कभी यह अनुभव नही होना चाहिये कि उन पर प्रयोग किया जा रहा ह।

साधारणतया तरीका यह है कि ऐसे कार्यो को हाथ मे लिया जाय जिनके करने मे दोनो हाथो की जरूरत पडती हो जसे—कपडे धोना, गेंद झेलना, बाये हाथ से डस्टर पकडना तथा दाये हाथ से श्यामपट्ट पर लिखना। पर यह भी ध्यान रखना चाहिये कि काय का अधिकाश भाग दाये हाथ से सम्पन्न हो रहा हो।

लिखना सिखाने के प्रारम्भिक चरण मे विधि का सकेत मिल जाता है। प्रारम्भ मे भुजाओ की दूर दूर की गतियो पर ध्यान केन्द्रित किया जाय और क्रमश कलाई एव अ गुलियो पर नियन्त्रण बढाया जाय। ये सामान्य तरीके बडे उपयुक्त है, इनके द्वारा बच्चे जो बाये हाथ मे लिखते है, धीरे धीरे प्रगति कर निकलते है क्योकि वे अपनी मासपशियो पर दाये हाथ से लिखने वाले छात्र की अपेक्षा कम नियन्त्रण रख पाते हैं।

बाये हाथ के प्रयोग पर किसी प्रकार का बधन न लगाया जाय तथा बधन लगाने के बजाय उसे छोटे-छोटे कामो मे प्रयोग किया जाय।

बाये हाथ से लिखना

एक बच्चे को बाय हाथ से लिखने रहने देना ही काफी नही है। जिस प्रकार दाये हाथ से लिखने वाले छात्र को उपयुक्त विधि से शिक्षण की आवश्यकता है। ठीक उतनी ही उपयोगिता बाये हाथ से लिखन वाले के लिए भी है। इस शिक्षण के अभाव मे या तो वह दाये हाथ का प्रयाग कलम पकडने कागज को ठीक से रखने मे करता है या वह अपना सिर नीचे लाकर कागज पर झुका देता है जिससे वह देख सके कि उसका बाया हाथ क्या कर रहा है। छात्र के बैठने का आसन व दृष्टि भी त्रुटिपूर्ण हो सकती है जिसके फल स्वरूप थकान आ सकती है गति पर नियन्त्रण रखना कठिन हो सकता है। स्याही प्रयोग करते समय आवश्यक है कि कागज दवात को छूता रहे।

इन कठिनाइयों को दूर किया जा सकता है यदि बाये हाथ से लिखने वाला इन नीचे लिखे सुभावो पर ध्यान दें—

कागज को तनिक सा बायी ओर रखिये। कागज के मोड पर किस प्रकार का कोण बनेगा—यह हर विद्यार्थी पर अपनी अपनी स्थिति मे तथा लिपि के ढग पर निर्भर करेगा? इस प्रकार करने से बच्चा देख सकेगा कि वह क्या कर रहा है? और हाथ की मुक्त गतिया भी चलती रह सकती है। कुछ अशो मे उसकी लिपि निम्न श्रेणी की हो सकती है पर उसे स्वीकार किया जाना चाहिए।

कलम या पेंसिल का नोक से एक इच ऊपर से पकडिये। ऐसा करने मे लेख आसानी से देखा जा सकता है। नोक के पास से कलम या पेंसिल पकडने की आदत को प्रोत्साहन नही देना चाहिए।

जब स्याही प्रयोग की जा रही है तो बहुत बारीक निब का प्रयोग मत कीजिये ऐसा न करने से कागज के फट जाने का डर रहता है। कलम मे Thorough Type निब उत्तम होती है। यही लाभ Ball Point की पेंसिल से भी उठाया जा सकता है।

जब जुडवा डेस्क पर दो बच्चे साथ बैठते हो तो बाये हाथ से लिखने वाले विद्यार्थी को बाये हाथ की ओर बिठाना चाहिए जिससे उसके हाथ की गतियो से पडोसी साथी को असुविधा न हो।

उल्टा लिखने की गति पर प्रत्यक्ष शिक्षण से अधिकार पाया जा सकता है। पर यह शिक्षण—मासपेशियो के नियत्रण के साथ प्रारम्भिक समय मे दिया जाना चाहिए। श्याम पट्ट पर लिखवाते समय दाये बाये दोनो हाथो से अभ्यास कराया जाय और क्रमश प्रदर्शन द्वारा एक के बाद एक स्तर पर पट्ट या कागज पर बायी ओर से दायी ओर लिखवाया जाय।

जब बच्चा वास्तव में लिखना आरभ करता है तो उसे स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए कि कागज के दायी ओर के किनारो के

बहुत निकट से लिखना आरम्भ करें। ऐसा करने से उल्टा लिखने के लिए स्थान ही नही बचेगा।

यदि इन सुझावों पर ध्यान दिया जाय तो बाये हाथ से लिखने वाला विद्यार्थी भी उतना ही दक्ष व उत्तम लिखने वाला बन सकता है जितना कि दाये हाथ मे लिखने वाला।

बार बार थूकना, प्रारम्भिक कक्षाओ म विद्यार्थियो द्वारा अंको का उल्टा लिखना तथा बच्चियो द्वारा हर बार पुल्लिग क्रिया का या बच्चो द्वारा हर बार स्त्रीलिंग क्रिया का प्रयोग करना आदि इसी प्रकार की व्याधिया है जिनका मनोवैज्ञानिक उपचार से निवारण सम्भव है।

•••

स्मरण शक्ति के सुधार के उपाय

••

कोई आश्चय नही यदि आप अपनी पिछनी यातो को उत्तम श्रेणी की स्मरण शक्ति होते हुए भी शायद न दोहरा सके। क्या यह सही है? यदि ऐसा नही है तो इसे पढने से आपको कोई लाभ नही होगा। ऐसा कहा जा सकता है कि जब से आपने होश सम्भाला है कई तथ्य व अनुभव आपने सग्रह किये है। इस विचार को सदव दिमाग मे रखिये तथा अपनी खराब स्मरण शक्ति की शिकायत करने से रुकिये। आप आश्वस्त हो जाइये कि बिना जरूरत के तथ्य व अनुभव याद नही रखना है। ऐसा करने से आप निराशा को अपने पास नही फटकने देगे।

डरिये नही कि आपका भण्डार पूरी तरह से भरा हुआ है या आपको जरूरत से अधिक काम करना है। इससे दूसरी ओर जितना आप याद रखने की कोशिश करेंगे आपका स्मरण शक्ति का दायरा बढता जायगा। ऐसा करने से जिसे जब आप चाहेगे याद कर सकेंगे। याद रखने के लिए तथ्यो का किसी से सम्बन्ध जोड कर दोहराने से मदद मिलती है। क्रमश हम देखते है कि इस प्रक्रिया को जितना अधिक आप काम मे लाते है उतनी ही अधिक आपको याद रखने मे मदद मिलती है।

आज से ही आप अपनी स्मरण शक्ति पर विश्वास कीजिये। उसे काम मे लाइये तथा आशा कीजिये कि वह आपकी सेवा करेगी। अपनी विचारधारा मे इस प्रकार का परिवतन सुधार का एक बहुत ही महत्वपूर्ण चिन्ह है। अपने मित्रो से अब कभी मत कहिये कि आपकी स्मरण शक्ति खराब है बल्कि ध्यान को ध्येय समझिये कि आपकी स्मरण शक्ति मे सुधार हो रहा है तथा आप

तथ्यो को समय पर याद कर सकते हैं। इसके सुधार हेतु कुछ संकेत हैं, उन्हे आपको जानना चाहिये तथा सजगता से उनके अनुसार काम करना चाहिये। अच्छी स्मरण शक्ति के लिये नीचे लिखे सूत्र उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं

(१) नये तथ्यो का पुराने तथ्यो से सम्बन्ध जोडिये।
(२) तथ्यो का अन्तर्भाव स्पष्ट जान लीजिये।
(३) तथ्यो को दोहराइये।
(४) तथ्यो को स्मरण रखने का निश्चय कीजिये।
(५) तथ्यो के लिये मस्तिष्क में चित्र बना लीजिये।
(६) स्मरण शक्ति का विस्तार कीजिये, तथा
(७) तथ्यो को प्राय छोटे रूप में विहगम दृष्टि से याद कीजिये।

यदि आप नये तथ्यो का पुराने उन तथ्यो से जिन्हे आप जानते हैं सम्बन्ध जोड सके तो नई वस्तुओ को याद रखने में या जरूरत के समय याद कर लेने में कोई कठिनाई न होगी। इसे सह-सम्बन्ध की प्रक्रिया कहते हैं। मान लीजिये आपको १६१९६८६८ याद करनी है। दो दो अको के प्रथम व अन्तिम जोडे को वर्तमान ईस्वी सन् तथा बीच के चार अको को पिछला वर्ष समझिये। याद करने का कितना आसान तरीका है? इसी प्रकार इतिहास की घटनाओ की तिथियो का सह सम्बन्ध बताया जा सकता है। ऐसा करने से इन तिथियो को आप कई दिनो बाद भी दोहरा सकते हैं।

सह सम्बन्ध बना कर याद करने की प्रक्रिया सराहनीय प्रयास है। इस तरीके से गल्ती होने की सम्भावना बहुत कम है। इसके सिवाय इसे अन्य स्थानों पर भी प्रयोग किया जा सकता है जैसे वस्तुयें खरीदने के लिये या कार्य करने के लिये। इसी प्रकार मित्रो के नाम या उनके पते याद रखने के लिये भी इसे व्यवहार किया जा

जाय या सायकिल उठाते हुए याद आ जाय। इस प्रकार का स्पष्ट चित्र यदि आप दिमाग मे बना लेंगे तो ताला लगाते वक्त या साय किल उठाते वक्त यह काम अवश्य ही आपको याद आ जायगा। तनिक हेर फेर के साथ यही सुझाव अन्य स्थितिया मे भी उपयोगी हो सकता है।

मस्तिष्क की तरह मे किसी भी वस्तु पर पनी दृष्टि स सु दरता को निहारते हुए शीघ्र मिटने वाली निगाह डालिय। इससे आप उसके रूप को याद कर सकेगे फिर से दोहरा सकेंगे। इस प्रकार वह वस्तु एक क्षण मे ही म प पर अमिट प्रभाव छोड देगी। इस प्रकार के प्रयत्न से समय की बचत के साथ आपको आश्चय जनक तरीका हाथ लग जायगा तथा अब आप बड़ अनोखे काम करने के योग्य हो जायगे।

चातुय सूचक एव विनोदपूण शब्द स्मरण शक्ति की वृद्धि करते हैं। मुख्यत इससे किसी प्रमुख बिन्दु को न भूलने योग्य बनने मे मदद मिलती है। इसके लिए नाम शब्द या वाक्य साथक या निरथक कैसे भी हो प्रयोग किये जा सकते हैं।

सामान्य प्रशासन के एक विद्यार्थी को कल्पना कीजिये कि प्रशासन के सात तत्व याद करने हैं जिससे परीक्षा के समय उसका उत्तर और भी अधिक आकर्षक बन सके। उक्त विद्यार्थी का सबसे पहला काम यह होगा कि इन सात तत्वो के लिए वह केवल मुख्य मुख्य सात शब्द बनाले, जिससे हर शब्द पूरे वाक्य का आभास दे। तब वह इन सात शब्दो से प्रथम अक्षर को लेकर और भी कोई नया शब्द बनाले। दी हुई स्थिति मे वह Post Corb याद करके तत्वो को दोहरा सकता है। जिससे वे अक्षर क्रमश Planing Organization Selection, Training Coordination, Reporting और Budgeting के लिए सकेत करते है। इसके लिए आवश्यक है कि विद्यार्थी को प्रत्येक बिन्दु पर स्वामित्व करने के लिये काफी

परिश्रम करना होगा। ऐसा करने से वह बिना भूले तथा उनको क्रमानुसार समय पर दोहरा सकेगा, याद कर सकेगा।

अंश को याद करने की अपेक्षा पूर्ण को याद कीजिये। यदि आप इस छंद वाली कविता याद कर रहे है तो बजाय एक छंद पर ध्यान देने के आप सम्पूर्ण पर ध्यान दीजिये। याद करने के समय बीच बीच में तनिक रुकिये अर्थात् दोहराइये।

इस तरीका के अनुसार काम करना उपयोगी होगा इसकी उपयोगिता आपको आश्चर्य में डाल देगी। आप जब इसके अनुसार काम करते हैं तो सुधार देखते हैं। आपकी स्मरण शक्ति में आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा यह आत्म विश्वास ही आपकी स्मरण शक्ति में सुधार करेगा। आप उत्तम श्रेणी की स्मरण शक्ति रखते हैं, आपका यह आत्म विश्वास ही आपको सफलता के मार्ग पर अग्रसर करेगा।

•••

प्रसन्नचित्त रहने के उपाय

••

अनावश्यक शीघ्रता न कीजिये—घबराइये नही। कई ऐसी बाते जिनके बार मे हम सोचते हैं होती ही नही है या जब व घटती हैं तो हमारी आदत इस काम को करने स हट जाती है। जितने अधिक हम उद्विग्न रहगे, उतने ही अधिक थकगे, उतनी ही अधिक असमजसता बढेगी और हम उस काम पर काबू न पा सकेंगे।

उद्विग्नताओ का प्राथमिकताओ के क्रम म रखिये तथा मदव उनको उचित दृष्टि मे देखिये। बात का बतगड अथात् तिल का पहाड न बनाइये। खराब से खराब काम का भी सामना कीजिय तब आप देखेंगे कि ऐसे अवसर ही कम आते है। इसके दूसरी ओर यदि एक बार आप उद्विग्नता का साहस से सामना करन तथा उद्विग्नता को घटाने के लिय कदमा का निश्चय करल तो आप दखग कि काफी आतुरता व कई तनाव आपसे दूर हो चुके हैं। किसी भी उद्विग्नता पर काबू पाने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप उसके प्रति पूणत व्यावहारिक बन जाइये तथा पूरी शक्ति स सामना कीजिय।

अन्य मित्रा के बारे म सजग रहिये। इस बात का याद रखिये कि कई व्यक्ति अपने स्वय के कार्यो से, परिवार के कार्यो से ही सम्बन्ध रखते है वे स्वय केन्द्रित हो सकत है। कृष्ण सुदामा के जसे सम्बन्धो की उनसे आशा नहीं की जा सकती है।

जब दूसर व्यक्ति आपकी आशानुकूल आपम आपके कार्यो मे रुचि न लें तो भी निराश होन की कोई आवश्यकता नही है। निराशा से सदव बचने का प्रयत्न कीजिये। इस बात की पूरी पूरी सम्भावना रहती है कि आपके सामने न होने पर वे आपको भूल हुये हो।

वास्तविक्ता यह है कि सभी व्यक्ति समान नही हैं। यदि आपने इस तथ्य को समझ लिया है तो आप प्रसन्न चित्त बने रह सकते हैं।

अपने स्वय के प्रति सजग रहिये। ऐसा न कीजिये कि आप हर काम मे महत्वपूर्ण बन जाय, हर जगह लोकप्रिय बन जाय, दूसरे सभी साथी आपही पर ध्यान लगायें इसके लिये सघर्ष न कीजिये। यदि वे आपकी बातो से सहमत न हो तो भी न घबराइये यदि वे आपकी आलोचना भी करें तो दुखी न होइये। आलोचना से सीखने का प्रयत्न कीजिये, अपने मे सुधार कीजिये।

यह आशा न कीजिये कि साथी आपके लिये बढा चढा कर बात करेगे तथा वे इसी प्रकार की बातो मे रुचि रखेंगे। यदि आप इसी बात की प्रतिक्षा कर रहे हैं तो आप देखेंगे कि आप अलग थलग एक किनारे पर खडे हैं। इससे भी बुरा अधिक यह हो सकता है कि आप वहा अनचाहे व्यक्ति लगें तथा साथी लोग तुम्हे पसन्द न करें। अधिकाश व्यक्ति अन्य मित्रो के लिये न तो सोचते हैं, न सोचने के लिये उनके पास समय है और यदि समय है तो वे ऐसा करने का प्रयत्न ही नही करते हैं। वे अपने बारे मे सोचने के लिये व्यस्त हैं। वे आशा करते है कि हम बिना पूछे ताछे उनसे मिल जाय तथा वे यदा कदा पूछ लिया करें।

अन्य व्यक्तियो की तुलना मे हर समय अधिक अच्छा काम न करने की इच्छा न रखिये। अप्रसन्न होने का इससे अधिक दूसरा कोई कारण नही है। यदि आप मित्रो से अच्छा करना चाहते हैं तो मित्र भी इसी दृष्टिकोण से सोचते हैं। इससे आपको मानसिक शाति मिलती है तथा प्रसन्नता अनुभव होती है।

किसी भी काम के पीछे रहने की अपेक्षा उस काम मे हाथ ही नहीं डालना अच्छा है। आप जानते हैं कि उस काम मे असफलता मिलेगी जिससे आपका घृणा है। आप अपना काम पूरे मन से अच्छी तरह करते रहिये तथा प्रसन्नता अनुभव कीजिये। जो सुविधायें,

वस्तुए आपको प्राप्त हैं उनका आनन्द लीजिए। यदि किसी अन्य व्यक्ति को इससे अधिक मिला हुआ है तो यह उसके भाग्य की बात है।

बार-बार दूसरों का मत न सुनाइये। इससे आदमी निरुत्साहित व अप्रसन्न हो जाते हैं। तथा इससे आपको शिक्षा लेना चाहिए। प्राय ऐसा व्यवहार मूड' का प्रतिफल होता है। इस व्यक्ति एक समय प्रसन्न तथा दूसरे समय अप्रसन्न दीख पड़ते हैं। इन व्यक्तियों से बचने का प्रयत्न कीजिये—उनसे क्षमा याचना ही अच्छा है। यह यह बहुत बड़ा विघ्न है कि ऐसे व्यक्ति नियन्त्रण नहीं कर पाते हैं।

प्रसन्नचित्त रहने का एक तरीका यह भी हो सकता है कि आप प्रतिदिन कार्यक्रम के अनुसार काम करें। लम्बा कार्यक्रम देख कर कुछ व्यक्ति निराश हो जाते हैं। पर एक दिन के लिए आप जानते हुये भी लम्बा रख सकते हैं। वही कार्यक्रम अगले दिन प्रातः या उससे पूर्व संध्या में यदि आवश्यक हो तो परिवर्तन करके लागू किया जा सकता है। इस सम्बन्ध में नीचे लिखे सुझाव उपयोगी सिद्ध होंगे—

(१) प्रतिदिन प्रसन्नचित्त रहिये तथा हर स्थिति में संतोषी बने रहिये।

(२) प्रतिदिन आप शान्ति साहस आशा तथा स्वास्थ्य के लिए सुनहरे विचार मन में लाइये। व्यय की बातों को एक क्षण के लिये भी दिमाग में न लाइये।

(३) यदा कदा अपनी सफलताओं को गिनिये पर अपने कष्टों या कमियों को नहीं।

(४) विश्वासी व्यक्ति के साथ गाढ़ी मित्रता व योजना बनाइये जो आनन्द मनाते हैं तथा चाहते हैं कि दूसरे भी आनन्द मनायें।

(५) अपने मिलने वाले सभी के साथ आप मित्रतापूर्ण व्यवहार कीजिये।

(६) प्रत्येक नई समस्या, शिकायत, अभाव, अभियोग या आघात को नये रूप मे देखिये। आपके जीवन दर्शन मे मोड़ ला सकते है।

(७) आप चाहे किसी भी स्थिति मे हो, अपनी प्रतिक्रियायें सकारात्मक, आशाजनक तथा दयापूर्ण रखिये।

(८) सदैव स्फूर्त व सजग रहिए, आने वाली परिस्थितिया के लिए जाग्रत रहिए।

(९) प्रसन्नचित्त व्यक्ति के रूप मे अपने शारीरिक दिखावे तथा मानसिक तेज के प्रति सावधान रहिए, इससे आपको सही वातावरण प्राप्त होगा।

(१०) मित्रो को लगातार प्रसन्नचित्त रखने का प्रयत्न कीजिये उनके लिए सोचिये, उनके लिए काम कीजिये, इसी को दैनिक जीवन मे व्यवहार मे लाइये। सुखी जीवन के लिये ऐलफ्रेड एडलर के अनुसार प्रतिदिन सोचने का प्रयत्न कीजिए कि 'आप किस तरह अपने मित्रो को प्रसन्न रख सकते हैं।

•••

विनोदी वनने के उपाय

••

विनाद किसी भी व्यक्ति के हसने की प्रक्रिया से सम्बद्ध है। यह एक अर्जित किया जा सकने वाला गुण है यद्यपि अर्जित करने का तरीका कष्टदायक है। मेकेन्जी इसे एक उदाहरण से स्पष्ट करते हैं। एक बुद्धिमती माता उस समय क्या करती है जबकि उसका बच्चा अजाब स्थिति पदा कर देता ह या नकारात्मक स्थिति प्रस्तुत कर देता है। वह उसकी मदद करती है कि वह स्वय पर हसे। एक व्यक्ति हसता हुआ बच्चा देखकर यह अनुभव करता है कि मसखरे के समान उसकी यह स्थिति प्रस्तुत करना कितना विनोदपूर्ण है ?

विनोद का मनोविज्ञान उलझन पूर्ण है। हम क्या हसते हैं ? तथा क्यो हसकर विनोद का महत्व घटा देते हैं ? आदि इसी प्रकार के प्रश्न हैं। उन तरीको को भी महत्वहीन बना देते है जिनसे विनोद का विकास किया जा सकता है। विनोद का विचार किस प्रकार महत्वपूर्ण है—इस सबध मे किसी ने कहा है 'भगवान ने पागल होन से बचान के लिये विनाद का गुण प्रदान किया है।"

भेड बकरी की तरह भरी रेलगाडी म बस की भीड म यदि हम विनोद कर सक तो कई प्रकार के तनावो से बच सकते ह अ यथा ये तनाव रग मे भग कर सकते हैं। महान मनोवैज्ञानिको के अनुसार यदि हममे हँसने की या विनोद की आदत नही है तो हम दुखो तथा असतोष की गिनती बढात चल रह हैं।

विनोदी व्यक्ति हमारी स्थिति म रहकर भी काम करता है। यही बात हम दु खो से बचा सकती है। विनोदपूर्ण स्वभाव अजीबो गरीब स्थिति के पदा न होन मे भी मदद करता है। उदाहरण के लिये व्यस्त मीटिंग म जबकि आदमी सतुलन खो सकता है मीटिंग

का अध्यक्ष भी असंतुलित हो जाता है। ऐसी स्थिति में चतुर व्यक्ति की विनोदपूर्ण पर बुद्धि एवं भलाई युक्त टिप्पणी कठिन स्थिति से बचा लेती है।

किसी मनोवैज्ञानिक ने कहा है कि जिस भांति आंधी हवा को साफ कर देती है उसी भांति विनोद छोटे छोटे गर्व समाप्त कर देता है। विनोदपूर्ण स्वभाव के कारण मानवीय सबंधों का व्यापार सुचारु रूप से चलता रहता है। यही कारण है कि एक वक्ता अपना भाषण विनोदपूर्ण टिप्पणी से आरम्भ करता है इसी कारण वह श्रोताओं से एकदम मधुर सबंध बना लेता है। विनोद दो व्यक्तियों के बीच सामाजिक तौर पर गाढे सबंधों का माध्यम हो सकता है। शुरु शुरु में कई व्यक्ति असुविधा अनुभव करते हैं क्योंकि हर व्यक्ति अपने को गम्भीरता से समझना चाहता है। बातचीत को हल्कापन या महत्व न देने से या गम्भीर न बना देने से दो व्यक्ति निकट आ सकते हैं।

इस बात का ध्यान रखना बहुत आवश्यक है कि विनोद कृत्रिम न हो। यदि विनोद को सहज व वास्तविक रूप में न लिया गया तो विनोद निरर्थक, अर्थहीन हो जायगा। कुछ ऐसी बातें या बातें हैं जिन पर यदि ध्यान दिया जाय तो इस दिशा में मदद मिल सकती है जैसे जीवन का अच्छा विनोदपूर्ण तरीका एवं प्रसन्नता, ऐसा करने पर हमारे लिये व साथियों के लिये काम करना आसान हो जायगा।

विनोदपूर्ण तथा प्रसन्नता देने वाली वस्तुओं का सर्वेक्षण कीजिये। मजाकपूर्ण कहानियाँ पढ़िये विनोदपूर्ण चित्रों को देखिये, पशुओं तथा बच्चों को खेलते हुये निहारिये। किसी दिन प्रातःकाल घूमने के समय निश्चित कीजिये कि १०-१२ विनोदपूर्ण चीजें अवश्य देखेंगे तथा उनमें से सर्वाधिक अच्छी २ ३ वस्तुयें संध्या में अपने मित्रों व आस पड़ोस के व्यक्तियों को बतायेंगे। जीवन में इस प्रकार का हल्कापन अवश्य ही विकसित किया जाना चाहिये

जरा गम्भीरता के स्तर पर जीवन मे आशावादिता का गुण विकसित कीजिये। जीवन में होने वाली अच्छी व बुरी वस्तुओं को व बातो को बहुत ज्यादा महत्त्व देने का निश्चय न कीजिये। पर अच्छी बाता को सामान्य रूप से याद रखिये। वृद्ध होने पर इन बातो की याद आपको प्रसन्नता से भर देगी तथा भार हल्का करेगी। बिना मुस्कराये कोई भी काम आशा सहित पूरा नही किया जा सकता। मुस्कुराना ही अन्य व्यक्तियों के लिये प्रसन्नता का स्रोत बन सकता है।

जो काम आपको करना है, उसमे पूरा आनन्द लीजिये। इसका अर्थ यह भी नही है कि आप अपने कार्यों के प्रति लापरवाह बन जाय। इसका अर्थ यह है कि आप उन्हे कार्यक्रम मानिये और उन्हे चुनौतियो अवसरो व प्रसन्नता के कारणो के रूप मे स्वीकार कीजिये। आप पायेंगे कि काम व जीवन विनोद बन गये हैं। जीवन के दैनिक कार्यों व सामान्य कर्तव्यों मे भी काम के दौरान मुस्कुराहट के साथ विनोद ढूढना चाहिये।

अपने आप के लिये बहुत गम्भीरता से विचार न कीजिये। अपने आप के लिये साधारण रूप से विचार कीजिये। विनोद को वस्तुगत रूप से लीजिये। इसी कारण विनोद हमे अपने दृष्टिकोण से दुनिया से पृथक खडा रहने के योग्य बनाता है। प्राय हम स्व-केन्द्रित होने चले जा रहे है इससे बचना चाहिये।

हमे प्रभावित करने वाली चीजो को यदि हम अपने रास्ते से पृथक कर सके तो हमे कई विनोदपूर्ण अवसर प्राप्त हो सकते है। स्वकेन्द्रित व्यक्ति ही विनोदपूर्ण रहने का या विनोद करने का स्वभाव नही बना सकता। स्वानुभव ही विनोदपूर्ण स्वभाव के विकास मे सबसे बडी बाधा है।

...

बीती ताहि बिसारि दै, आगे की सुधि लेय

हर व्यक्ति का अपना अपना कार्य क्षेत्र होता है हर व्यक्ति के अपने अपने भूतकाल के अनुभव होते है। कुछ भूतकाल के प्रति संतोष प्रकट करते हैं तो कुछ असन्तोष भी। वे इस बात का ध्यान नही रखते है कि उम्र के साथ साथ काम करने की मात्रा भी कम हो गई है तो भी वे प्रसन्नतापूर्वक रहते हैं। उन्होंने गलतियां की हैं ऐसा उन्हें स्वीकार करना चाहिए। पर गलतियों की मात्रा में उन्होंने वद्धि नहीं की है यही सन्तोष का बिन्दु है। किसी का भी ऐसा जीवन नही है कि उसे न निराशाएं मिली हो न ही असन्तोष, न ही असफलताएं और न ही उसमे कभी गलतियां हुई हों।

व्यक्ति भूतकाल के प्रति कैसे विचार रखते हैं? यह इस बात पर निर्भर है कि वे व्यक्ति भूतकाल पर किस दृष्टि से सोचते विचारते हैं। स्मृति पुस्तक के समान है यदि व्यक्ति को तनिक भी अच्छे बुरे का ज्ञान है तो वे उस पुस्तक को स्मृति मे सरस चित्र कभी न लगायेंगे। पुस्तक के सभी पृष्ठों पर प्रसन्नचित्त हँसमुख खेलते हुए या मनोरंजन करते हुए व्यक्तियों के चित्र होंगे।

असन्तोष प्रकट न करने के विचार में प्रकृतिदत्त वरदानो का गिनना एक प्राचीन महत्वपूर्ण दर्शन है। इसमे यह संकेत मिलता है कि जीना आसान नहीं है। व्यक्ति को सुख के साथ साथ दुःख भी साहसपूर्वक झेलना चाहिए। अंग्रेज कवि पर्सी बिशो शैले के अनुसार Our sweetest songs are those that tell of the sadderst thought' हिन्दी के सुप्रसिद्ध कवि पंत ने भी यही भाव अपनी कविता में संजोया है—

'वियोगी होगा पहला कवि आह से उपजा होगा गान।
निकल कर आंखों से चुपचाप वही होगी कविता अनजान ॥'

इन्ही बातो से हम भूतकाल के कार्यों पर स्वस्थ दर्शन के रूप म विचार कर सकते हैं।

भूतकाल पर दृष्टिपात करके आगे का जीवन ढालना अधिक महत्वपूर्ण है। क्या कोई इतना ही महत्वपूर्ण आसान एवं सीधा सिद्धान्त है जिसके आधार पर हम जीवन का कार्यक्रम तय करें जिससे कि हमें आगे चलते सन्तोष प्राप्त हो।

समग्र जीवन—

अपने अनुभव बढाइये। रुचिप्रद जीवन ही पूर्ण जीवन है थकान या उदासी सर्वाधिक हानिप्रद है। प्रसन्नता एवं आशा से ही जीवन समृद्ध बनता है व्यक्तित्व का स्थायी विकास होता है। अध्ययन से होने वाले लाभ संगीत कला साहित्य तथा यात्राओं के आनन्द व्यासंग (हॉबीज) से प्राप्त सृजनशीलता आपसे कोई नही छीन सकता। मानवीय सम्पर्कों म जितनी अधिक रुचि होगी, बीती हुई घटनाओं को उतनी ही सफलता के साथ चित्रित कर सकेंगे व यही जीवन का वास्तविक लाभ है।

कार्य—

किसी कार्य पर दुःख प्रकट न कीजिए। कई व्यक्ति निरर्थक अनुभवों से बचने के लिए प्रयास करते हैं यद्यपि कई व्यक्तियों का इनसे पाला पडता है। स्वयं पर दया करना एक बहुत बडा खतरा है जिससे भूत एवं वर्तमान का विकास रुक जाता है। अनाधिकृत सम्बन्धों म तथा दूसरो से सम्बन्ध न होने पर स्वयं पर दया आती है। उन व्यक्तियों मे जो दूसरो की ओर देखते हैं, उनको मदद करने की इच्छा स्वतः जग जाती है। पर वे अपने आप ही विवश होकर दुःख प्रकट करते हैं। स्वयं पर दया करने की अपेक्षा आप साथी लोगो की मदद कीजिये उनके लिए चीजे तयार कीजिये। चीज तयार करने मे तत्परता बरतिये।

यह आसानी से कहा जाता है कि आप अपने से कम भाग्य-शाली व्यक्ति आसानी से ढूंढ सकते हैं। सत्यता यह है कि कई

व्यक्ति ऐसा भी नहीं कर सकते क्योंकि उनमें करने की चाह ही नहीं है। उनको खोजना तथा उनकी सेवा करना अपने जीवन में बीती हुई बातों पर दुःख न करने का दूसरा कदम है।

आग्रह—

अपनी गलतियों से पाठ सीखिये। व्यक्ति अपनी गलतियों के लिए बहुत ही संवेदनशील होता है। एक बार एक अंग्रेज लेखक ने कहा कि 'जो व्यक्ति गलतियां नहीं करता वह किसी चीज का सृजन नहीं करता।' बशर्ते कि हमारी शारीरिक अस्वस्थता के कारण गलतियां न हुई हों। इनको शिक्षा का अनिवार्य भाग समझकर उचित स्थान देना चाहिए। कुछ अंशों में गलती व्यक्ति को बहुत कुछ सिखाती है व्यक्ति जिस काम में लगा हुआ है गलतियां करके ही वह उसमें सफलता के मार्ग पर अग्रसर होता है।

हमें अपनी गलतियों से सीखने के लिए हर वक्त नम्रतापूर्वक तैयार रहना चाहिये। इन गलतियों से एक नई व अच्छी सफलता प्राप्त होगी। तब हमें बीते हुए जीवन पर दृष्टि डालना चाहिए। ये वे गलतियां ही नहीं हैं जिन्हें हम याद करते हैं बल्कि इसमें हमें नई सूझ बूझ भी प्राप्त होती है, ज्ञान और अनुभव बढ़ता है।

मानसिक शांति—

क्षमा करने की आदत बनाइये। शायद भूतकाल के सम्बन्धों पर दृष्टिपात करें तो मानवीय सम्बन्धों पर पानी फिर गया लगता है। किसी का नाम या दृश्य याद करना, कभी कभी झगड़ा मोल लेने का कारण हो सकता है। ऐसा कई वर्षों के बाद भी हो सकता है। सही अर्थों में यही बात को ताजा करना है। हर बात हमारे मन के अर्द्ध चेतनावस्था में गहराई से पड़ती है तथा छिपे हुए अनुभवों के लिए विष का काम करती है।

दिन के हाथ से निकलने के पूर्व सभी बातें तय कीजिये। यह एक सामान्य बात है कि फल को पेड़ों पर तोड़ा न

सन्तोष की कुंजी आशा

••

किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व में आशावादिता सृजनात्मक तत्व है। निराशा व्यक्ति का पतन करती है आशा प्रगति की ओर अग्रसर करती है।

समय और वातावरण का बनने बिगड़ने में बड़ा महत्वपूर्ण स्थान है। व्यक्ति का जीवन क्रम उसकी विचारधाराओं पर आधारित होता है, जिनके प्रति व्यक्ति को सचेत रहना चाहिए। प्रसन्नता एवं अप्रसन्नता सफलता एवं असफलता और लोकप्रियता एवं कुख्याति स्थितियों की अपेक्षा व्यक्ति की विचारधाराओं से अधिक प्रभावित होती है। इसी प्रक्रिया में आशा का अत्यन्त ही महत्वपूर्ण स्थान है।

यह स्पष्ट है कि शारीरिक एवं मानसिक तत्व एक दूसरे पर क्रिया प्रतिक्रिया करते हैं। एक वह व्यक्ति जो स्वदेही है, यदि उसके पाँव गीले हो जाय तो जुकाम हो जाने की शिकायत करता रहेगा। ऐसी स्थिति में आज आवश्यकता है मस्तिष्क को सृजनात्मक रचनात्मक एवं प्रगतिशील विचार प्रदान किये जाय। सक्षेप में कहा जाय तो आशावादिता का विकास किया जाय।

सदैव विकास की ओर देखिये

आशावादिता केवल इच्छा ही नहीं है। जिस भाँति पम्प पानी देना आरम्भ करे इसके लिए जरूरी है कि कुछ समय तक पम्प को पानी दिया जाय उसी भाँति का कार्य आशावादिता का भी है। प्रसन्नता देने वाली वस्तु का हम तनिक समय भी इन्तजार नहीं कर सकते। प्राय कहा जाता है कि प्रसन्नता देने वाली घटना या कार्य

स सन्तोष मिलता है। इसलिए कामों का उस प्रकार समायोजन करना चाहिए कि उनकी ओर प्रसन्नता की दृष्टि से देख सकें। काम कई हो सकते हैं तथा सन्ध्या का भ्रमण, दिन में बाजार से वस्तुयें खरीदना, मित्रों के साथ विनोद आदि।

बहुत व्यस्त रहना वस्तावेग हम बाधाओं से बच सकते हैं। यदि ऐसा प्रयत्न न करें तो व्यक्ति के कई प्रकार की हानि होने की सम्भावना हो सकती है। आगे का नियोजित कार्य प्रगतिशील क्रियाएं एवं सादगीपूर्ण विचार कभी कभी बड़े महत्वपूर्ण सिद्ध होते हैं।

जब अवसर मिलता है तो आप उसके लिए पूरी तैयारी कर लीजिये—नहाना, खाना कपड़े पहनना, शृंगार करना—से निवृत हो लीजिये। ये सब कार्य भी आनंद का एक भाग है। इनकी तैयारी में जरा सी लापरवाही करना असन्तोष का कारण हो सकता है। दृष्टिकोण का इसी से संकेत मिलता है। भावी आशाओं का प्रसन्नतापूर्ण भावी जीवन पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। सदैव प्रसन्न रहने से यौवन तत्व मिलता है। यदि एक बार सचेत रहना सीखले आने वाली उन्नतियों का सामना करने के लिए तैयार हो जाय हर स्थिति में आराम एवं सन्तोष अनुभव करे तो क्रमश ये बातें हमारे जीवन का अंग बन जायगी और जीवन को सुखद बना देंगी।

आभार प्रकट कीजिये

किसी की राय के लिए उनका एहसानमंद बनना सीखिये। शुरू में आप अपने प्रयत्न कीजिये तथा अपनी अर्द्ध चेतनावस्था से आभार प्रकट कीजिये। प्रतिदिन देखना चाहिए कि हम किन वस्तुओं या दाता का किन किन की राय के लिए आभारी हैं। शायद यह बहुत बड़ा काम हो जायगा पर इससे लक्ष्य प्राप्ति में मदद मिलेगी। हमें अपने साथियों के प्रति भी आभार प्रकट करना चाहिए। कई व्यक्ति दूसरों की राय पर चलते हैं, उनके कामों पर निर्भर रहते हैं

उनकी मदद की इन्तजार करते रहते हैं। हम मित्रों का उनकी नेक सलाह या काम के लिए याद करते हैं पर दिन भर में कितने ही काम ऐसे होते हैं कि हम याद भी नहीं कर पाते जिनसे हम मदद पाते हैं। केवल आदर्श के लिए इन सबका प्रदर्शन करने की जरूरत नहीं है पर आभार प्रदर्शन के दो शब्द न केवल दूसरों को साहस व प्रसन्नता देते हैं वरन् स्वयं पर भी बहुत गहरा प्रभाव डालते हैं।

